दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-69 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) मंगलवार 21 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

### बापू की बातें



आपकी भूल का और आपके दुख का कारण यह है कि आप अपने को दूसरे भारतीयों से अलग रख रहे हैं। आप मेरी तरह यह क्यों नहीं सोचते कि यदि कोई ईसाई भारतीय या मुसलमान भारतीय अथवा हिंदू भारतीय शराब पीता है या अन्य प्रकार से गिरता है, तो यह आपके लिए उतनी ही शर्म की बात है जितनी मेरे लिए। हम सभी एक ही समाज के अंग हैं। और यदि उसका कोई अंग क्षतिग्रस्त होता है तो मानो सारा समाज क्षतिग्रस्त होता है।

(30.04.1925 : यंग इंडिया में प्रकाशित पी.एन.पी. (त्रिवेंद्रम) को दिए गए जवाब का अंश : सं.गां.वां. खंड 26 : पृष्ठ 562)

# जम्मू कश्मीर के उधमपुर बस हादसे में 21 की मौत, 61 घायल



ऊधमपुर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर कघोट इलाके में एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई जबकि 61 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक यह बस रामनगर से ऊधमपुर की ओर जा रही थी तभी यह हादसा हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे राम नगर क्षेत्र में पहाड़ी सड़क पर एक खतरनाक मोड़ पर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू करते हुए मलबे से घायलों को बाहर निकाला। इसके तुरंत बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन दल भी मौके पर पहुंच गए और पीड़ितों को सुरक्षित निकालने तथा स्थल को खाली कराने का अभियान तेज कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब बस दूर-दराज के एक गांव से उधमपुर जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना के कारण हुई जान-माल की हानि के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। मैं उन लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

हादसे के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस घटना की जानकारी शेयर की । उन्होंने लिखा-अभी-अभी, उधमपुर के डीसी मिंगा शेरपा से बात हुई। मुझे पता चला कि एक घंटे से भी कम समय पहले, कनोट गांव में एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में रामनगर से उधमपुर जा रही एक पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस शामिल थी।उन्होंने आगे लिखा,बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है। इसमें काफी लोगों के हताहत होने की आशंका है। हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को एयरलिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है। मैं स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ, राजिंदर शर्मा के नेतृत्व वाली हमारी स्थानीय कार्यकर्ताओं की टीम के भी लगातार संपर्क में हूं।

लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने भी इस हादसे पर दुख जताया है।

## फ्लाई91 में 4 घंटे की भयावह उड़ान, रोते-बिलखते भगवान से प्रार्थना करते रहे यात्री




हैदराबाद, (आरएनएस)। तेलंगाना के हैदराबाद से कर्नाटक के हुबली जा रही फ्लाई91 की उड़ान ने एक बार फिर यात्रियों के उड़ान अनुभव को डरावना बना दिया है। रविवार को अपनी डेढ़ घंटे की नियमित उड़ान के दौरान विमान अचानक तकनीकी समस्या की चपेट में आ गया, जिसके बाद विमान 7 घंटे बाद जमीन पर उतरा। इस बीच, करीब 4 घंटे तक विमान आसमान में मंडराता रहा, जिससे विमान में बैठे यात्री रोने-बिलखने लगे और भगवान को याद करने लगे। घटना के एक दिन बाद हैदराबाद-हुबली की फ्लाई91 विमान में सवार यात्रियों का वीडियो सामने आया है, जिसमें विमान के अंदर की गतिविधि दिख रही है। यात्री चिल्लाते और रोते सुनाई पड़ रहे हैं, जबकि एक महिला रोते हुए और प्रार्थना करते दिख रही हैं।

## भारतीय जहाजों पर गोलीबारी के बाद होर्मुज में टैंकरों की सुरक्षा बढ़ी, केंद्र की सलाह जारी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। तनावग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य में शनिवार 18 अप्रैल को 2 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर ईरानी गोलीबारी के बाद केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने फारस की खाड़ी में अपने जहाजों के लिए एक नई सलाह जारी की है और उनसे लारक द्वीप से दूर रहने को कहा गया है। जहाजों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केवल भारत द्वारा निर्देशित किए जाने पर ही वहां से गुजरने को कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय नौसेना ने भी अंतरराष्ट्रीय संकरे जलमार्ग के पास सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य पार करने के लिए इंतजार कर रहे सभी भारतीय जहाजों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। बताया जा रहा है कि भारतीय जहाजों को अब लारक द्वीप के करीब से न गुजरने की सलाह है, ऐसे में भारतीय नौसेना से मंजूरी मिले बिना होर्मुज से किसी भी भारतीय जहाज का गुजरना अनिश्चित बना हुआ है।



अब तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज पार किए हैं, जिसमें आखिरी टैंक देश गरिमा 18 अप्रैल को पार हुआ था। उसी दिन होर्मुज पार करते समय जहाज जग अर्नव और सनमार हेराल्ड को ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की गोलीबारी के बाद वापस लौटना पड़ा। अब देश गरिमा को अरब सागर में नौसेना सुरक्षा दे रही है।

## तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले 48 घंटे तक ड्राई डे घोषित, चुनाव आयोग का फैसला




नईदिल्ली (आरएनएस)। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इसके मद्देनजर भारतीय चुनाव आयोग ने दोनों राज्यों में मतदान संपन्न होने तक अगले 48 घंटों के लिए ड्राई डे लागू करने का निर्देश दिया है।

चुनाव आयोग के आदेशानुसार, मतदान संपन्न होने तक दोनों राज्यों के संबंधित क्षेत्रों में शराब की बिक्री, परोसने और वितरण पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। आयोग ने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, मतदाताओं को प्रभावित करने या कानून-व्यवस्था की समस्या को रोका जा सके।बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतदान की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा, जिसमें राज्य की 152 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके बाद, दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को निर्धारित है, जिसमें बाकी 142 सीटों पर चुनावी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## जनगणना पोर्टल पर भारी चूक, अरुणाचल के शहर को दिखला दिया 'चीन' में

### -पासीघाट को 'मेडोग' दिखाए जाने से मचा हड़कंप




नई दिल्ली,(ए.)। अरुणाचल प्रदेश के एक महत्वपूर्ण शहर को चीन के हिस्से वाला दिखाए जाने की गंभीर चूक ने जनगणना 2027 के डिजिटल पोर्टल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला उस समय सामने आया जब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के दौरान पासीघाट को चीनी शहर 'मेडोग' के रूप में प्रदर्शित किए जाने से लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस गंभीर भूल का खुलासा रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी मोहंतो पांगिंग पाओ ने किया। उन्होंने पोर्टल पर यह गड़बड़ी देखने के बाद सोशल मीडिया के जरिए इसे सार्वजनिक किया और इसे गंभीर लापरवाही करार दिया। उनकी पोस्ट तेजी से वायरल हुई, जिसके बाद प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मामले के सामने आते ही संबंधित अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और कुछ ही घंटों के भीतर इस गंभीर गलती को ठीक कर दिया। हालांकि, इस घटना ने सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की विश्वसनीयता और डेटा सत्यापन प्रक्रिया पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जनगणना आयुक्त ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि यह समस्या मैप सर्विस प्रोवाइडर की ओर से हुई थी, जिसे तुरंत संज्ञान में लेकर सुधार लिया गया।

# 9 राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी, यूपी-MPमें चलेगी लू

## छत्तीसगढ़ में 45°C तक पहुंचा पारा



नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत समेत देश के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में लू चलने की बहुत अधिक संभावना है। वहीं, झारखंड, ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और सिक्किम समेत कई राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है।मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी यूपी, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 23 अप्रैल तक हीटवेव (लू) की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में भी तापमान बढ़ गया है और लोग गर्मी से परेशान हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान मध्य प्रदेश, मराठवाड़ा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पूर्वी उत्तर प्रदेश, विदर्भ, आंतरिक ओडिशा, रायलसीमा, झारखंड, राजस्थान और गुजरात में दिन का अधिकतम तापमान 40°C-45°C के बीच दर्ज किया गया।


## मणिपुर में बम हमले में बच्चों की मौत के खिलाफ 5 दिनों का बंद, हिंसक प्रदर्शनों से घाटी में तनाव



मणिपुर,(ए.)। मणिपुर में हालिया हिंसा ने शांति प्रयासों को फिर से बड़ा झटका दे दिया है। बिष्णुपुर जिला में 7 अप्रैल को हुए दर्दनाक बम विस्फोट में दो मासूम बच्चों—एक पाँच साल के लड़के और पाँच महीने की बच्ची—की मौत के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। इस घटना के विरोध में 19 अप्रैल से पाँच दिनों के पूर्ण बंद (टोटल शटडाउन) का आह्वान किया गया है, जिसने राज्य के घाटी क्षेत्रों में जनजीवन को करीब ठप कर दिया है। इस बंद का नेतृत्व 'मीरा पाइबी' (मशाल लेकर चल रही महिलाएँ) और विभिन्न नागरिक समाज संगठनों द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि हमले के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करे और पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय मिले। इसके साथ ही, उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय कथित कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग जोड़ी है।

बंद के पहले दिन बाजार, स्कूल, सरकारी दफ्तर और परिवहन सेवाएँ बंद रहीं, जबकि केवल आवश्यक सेवाएँ ही सीमित रूप से चालू रहीं। इंफाल पूर्व जिला और इंफाल पश्चिम जिला सहित कई इलाकों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। रात के समय रैलियाँ आयोजित की गईं, जिनमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। हालांकि, कुछ स्थानों पर हालात तनावपूर्ण हो गए।

## *थलापति विजय ने चुनावी हलफनामे में छिपाई 100 करोड़ की संपत्ति, मद्रास हाई कोर्ट का नोटिस*



*चेन्नई, (आरएनएस)। तमिलनाडु की मद्रास हाई कोर्ट ने सोमवार को अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय के खिलाफ नोटिस जारी किया है, जिसमें चुनावी हलफनामे में 100 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति का खुलासा न करने का आरोप है। मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति अरुल मुरुगन की पीठ ने तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख के साथ चुनाव आयोग, आयकर विभाग पेरम्बूर निर्वाचन क्षेत्र और त्रिची (पूर्व) निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों को भी जवाब देने को कहा है।*




## प्रधानमंत्री मोदी के उद्घाटन से एक दिन पहले राजस्थान की पचपदरा रिफाइनरी में लगी भीषण आग

बालोतरा, (आरएनएस)। राजस्थान के बलोतरा जिले में स्थित पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। अभी यह शुरू नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 21 अप्रैल को इसका उद्घाटन करने वाले हैं। आग दोपहर करीब 2 बजे क्रूड डिस्टीलेशन यूनिट (सीडीयू) में लगी थी, जिसके बाद धुएं का गुबार उठा। कर्मचारियों ने आग से बचाव का सायरन बजा दिया, जिससे सभी कर्मचारी समय रहते बच निकले। अभी आग को काबू करने का प्रयास चल रहा है।पुलिस और प्रशासन के साथ अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। सभी कर्मचारी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सीडीयू में आग कैसे लगी, इसके कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। रिफाइनरी के पास ही सभा स्थल है, जहां प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को 11 बजे उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार शाम 4 बजे रिफाइनरी का दौरा करने वाले थे। वे जल्द ही पहुंचेंगे।

पचपदरा रिफाइनरी राजस्थान की अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ दे सकती है। यह 72,000 करोड़ रुपये की परियोजना है, जिसमें राज्य की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत है। इसमें लगा कंप्रेशर इटली से आया है, जिसका वजन 800 टन है। यह विश्व में सबसे बड़ा है। इसकी क्षमता 90 लाख टन सालना कच्चे तेल की रिफाइनिंग की है।

## भारत-दक्षिण कोरिया चिप से लेकर जहाज बनाने तक में सहयोगी, अब एक दूसरे देश में कर सकेंगे क्यूआर कोड से भुगतान



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत और दक्षिण कोरिया अब चिप से लेकर जहाज बनाने तक में सहयोगी बनेंगे। सोमवार को पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह सहमति बनाई गई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच बड़ा इलेक्ट्रानिक पेमेंट समझौता हुआ है। इसके तहत अब एक दूसरे देशों के नागरिक भारत और दक्षिण कोरिया में आने-जाने के दौरान क्यूआर कोड के जरिये आसानी से भुगतान कर सकेंगे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने कहा, भारत और दक्षिण कोरिया ने इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों को जोड़ने पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के नागरिक जब एक-दूसरे के देश जाएंगे तो वहां स्थानीय क्यूआर कोड सिस्टम का उपयोग करके भुगतान कर सकेंगे। यह कदम आपसी यात्राओं को और भी सुविधाजनक बनाएगा।

हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान ली जे-म्युंग ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। भारत-दक्षिण कोरिया के द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया गया।

भारत और दक्षिण कोरिया ने सोमवार को सहमति जताई कि वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल और बढ़ते व्यापारिक व्यवधानों के बीच अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को और मजबूत बनाने के लिए औपचारिक बातचीत शुरू की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक तनाव के इस दौर में भारत और दक्षिण कोरिया मिलकर शांति एवं स्थिरता का सशक्त संदेश दे रहे हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जर्मनी दौरा, 6 अत्याधुनिक पनडुब्बियों पर हो सकती है 70 हजार करोड़ की डील

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत और जर्मनी के बीच 6 अत्याधुनिक पनडुब्बियों को लेकर 70 हजार करोड़ रुपये से लेकर 99 हजार करोड़ रुपये तक की डील हो सकती है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जर्मनी के दौरे पर हैं। इसी दौरे में वह पनडुब्बी डील फाइनल कर सकते हैं। राजनाथ सिंह 21-23 अप्रैल तक तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जर्मनी में रहेंगे। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करना है।राजनाथ सिंह जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा होगी।

## 15वीं मंजिल से कूदकर दिल्ली हाई कोर्ट के वकील ने दी जान, सीपी के होटल में अकेले गया था रुकने

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में स्थित एक होटल की 15वीं मंजिल से कूद कर 26 वर्षीय वकील ने आत्महत्या कर ली। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस को सीपी के रॉयल प्लाजा होटल में हुई इस घटना की सूचना रविवार रात करीब सवा नौ बजे दी गई। मृतक की पहचान दिल्ली हाई कोर्ट के वकील राजेश सिंह के रूप में हुई है, जो उसी दिन शाम में होटल में ठहरने आया था।

पुलिस के एक बयान के मुताबिक, पुलिस दल ने होटल पहुंच कर पाया कि महावीर एनक्लेव निवासी सिंह ने इमारत की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। इसमें कहा गया है कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

परिजनों के बयान के अनुसार, इस मामले में किसी साजिश की शक नहीं है। पुलिस के मुताबिक, मृतक कमरे में अकेला ठहरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद उसे तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एक लाख 45 हज़ार 71 किसानों से की जा चुकी है 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूँ की खरीदी : मंत्री श्री राजपूत



भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 45 हज़ार 71 किसानों से 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 920 करोड़ 7 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। अभी तक 5 लाख 36 हजार 367 किसानों द्वारा 2 करोड़ 25 लाख 96 हजार 450 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़कर 6 कर दी गई है। इससे समय पर किसानों द्वारा लाये गए गेहूं की तुलाई हो सकेगी। खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है। सेटेलाइट ई-मेल में मिलान नहीं पाए गए खसरों को छोड़कर उसी किसान के शेष खसरों पर गेहूँ की फसल विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई है। उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है।

### उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये गेहूँ

### बिक्री की सभी सुविधाएं

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

### समर्थन मूल्य के साथ बोनस भी

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उपार्जित गेहूँ में से 51 लाख 75 हजार 370 क्विंटल गेहूँ का परिवहन किया जा चुका है।प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था।

## मप्र में एलपीजी कालाबाजारी पर सख्ती, 4547 सिलेंडर जब्त, 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2938 स्थानों पर जांच की गई, 4547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं, प्रदेश के 765 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 2 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। यह जानकारी सोमवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। मंत्री राजपूत ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गैस की सतत आपूर्ति होगी। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन, भोपाल में पुतला दहन

भोपाल, (ए.)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई ने सोमवार को भोपाल में विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन



दूरदर्शन के एंकर अशोक श्रीवास्तव की टिप्पणी और दिल्ली में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए चौकसे ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विपक्ष के नेता के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए जाते हैं और विरोध करने वाले छात्रों-युवाओं पर कार्रवाई होती है, तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एनएसयूआई इस मुद्दे को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखेगी और लोकतंत्र तथा छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए और उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम पर अपना विरोध दर्ज कराया।

# मप्र में जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण की दिशा में हुआ अभूतपूर्व कार्य

### - जल प्रबंधन से कृषि, पर्यावरण एवं आजीविका में आया उल्लेखनीय सुधार

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। अभियान के तहत जल स्रोतों के पुनर्जीवन और नई जल संरचनाओं के निर्माण को गति मिली है। जनसम्पर्क अधिकारी जूही श्रीवास्तव ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि जनभागीदारी से जल प्रबंधन सशक्त हुआ है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल उपलब्धता में वृद्धि हुई है, कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है और जैव विविधता को संरक्षण मिला है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है और लोगों की आजीविका में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव का ग्राम



पालाचौरई हरियाली और समृद्धि की मिसाल बनकर उभरा है। अभियान में ग्राम में जल संरचनाओं के निर्माण और पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता दी गई। मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से आधा एकड़ से लेकर ढाई एकड़ तक के तालाबों का निर्माण किया गया, जिससे वर्षभर जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

जल स्तर में वृद्धि का सीधा लाभ कृषि क्षेत्र को मिला है। पूर्व में वर्षा पर निर्भर रहने वाले किसान अब सिंचित खेती कर रहे हैं। वर्तमान में किसान 3 फसलें लेकर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि कर रहे हैं। रबी सीजन में गेहूं, चना, मसूर, सरसों, मटर का उत्पादन बढ़ा है। जायद सीजन में मूंग एवं उड़द की खेती भी संभव हो पाई है। इसके अतिरिक्त किसानों ने मछली पालन, मोती उत्पादन एवं सिंघाड़ा जैसी गतिविधियों से आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित किए हैं। ग्राम की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, पलायन में कमी आई है और युवा कृषि से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, ग्वालियर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ऐतिहासिक पृथ्वी ताल का कायाकल्प किया गया है। इसे आधुनिक, उपयोगी और आकर्षक जलाशय के रूप में विकसित किया गया है।

## एमसीयू में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस का आयोजन 21 अप्रैल को

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर पीआर एंड सीएसआर: बिल्डिंग द फाउंडेशन ऑफ विकसित भारत 2047 विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से कॉर्पोरेट सेक्टर से कम्युनिकेशन फील्ड के टॉप प्रबंधक सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम सीएसआर तथा जनसंपर्क की भूमिका पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर के तक्षशिला परिसर स्थित लता मंगेशकर सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस संगोष्ठी का शुभारंभ मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी करेंगे।

## एमबीए छात्रा को सुसाइड की धमकी देकर बुलाकर युवक ने किया रेप

### - आरोपी पर अश्लील वीडिया बनाकर ब्लैकमेल करने का भी आरोप

भोपाल(ए.)। अशोका गार्डन इलाके में एमबीए की छात्रा के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे वीडियो कॉल पर सुसाइड करने की



धमकी देकर अपने घर बुलाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप यह भी है की युवक लंबे समय से उसका अश्लील वीडिया बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने इस आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक निशातपुरा करोंद में रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह एमबीए की पढ़ाई कर रही है। अशोका गार्डन में रहने वाले आरोपी आकिल खान से उसकी मुलाकात जून 2025 में एक शादी समारोह में हुई थी। आकिब डेटा इंजीनियर है। और एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। शादी में ही दोनों ने फोन नंबर एक्सचेंज किए। पहचान होने पर पहले उनके बीच फोन पर बातचीत होती रही और जल्द ही मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। इस दौरान अगस्त 2025 में किसी बात पर नाराज होकर युवती ने आकिब से बात करना बंद कर दिया।

## 25 अप्रैल शनिवार को केन्द्रीय जेल भोपाल में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

भोपाल(ए.)। माननीय न्यायाधिपति श्री विवेक अग्रवाल, न्यायाधीश म0प्र0 उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मुख्य पीठ जबलपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत केन्द्रीय जेल-जबलपुर, भोपाल, सतना, रीवा, होशंगाबाद, सागर, नरसिंहपुर, जिला जेल सीहोर, रायसेन, खण्डवा, बुरहानपुर, शहडोल, सीधी, उमरिया, अनूपपुर, वैढ़न, छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, बैतूल, हरदा, छिन्दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिण्डोरी, मण्डला, कटनी एवं उपजेल बुढ़ार, व्योहारी, मऊगंज, त्योंथर, नागौद, मैहर, लवकुशनगर, पवई, नौगांव, बिजावर, बैगमगंज, जतारा, निवाड़ी, हटा, खुरई, रेहली, बण्डा, मुलताई, पिपरिया, नसरुल्लागंज, सिवनीमालवा, गौहरगंज, बरैली, बैहर, वारासिवनी, अमरवाड़ा, लखनादौन, सिहोरा, पाटन में 25 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:00 बजे विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया जाएगा। माननीय न्यायाधीपतिगण द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभांरभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्य पीठ के क्षेत्राधिकार में आने वाली समस्त जेलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय जेल जबलपुर से किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का हो रहा है निरंतर विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### फिरोजिया ट्रॉफी विजेताओं के लिये अतिरिक्त पुरस्कार की घोषणा की

### फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर स्तर पर आधुनिक खेल संरचना, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। शासन के इन प्रयासों से मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाएं विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उज्जैन में भी विभिन्न खेल मैदानों में खेल व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उज्जैन के क्षीर सागर मैदान को भी नगर निगम और खेल विभाग द्वारा विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को देर रात उज्जैन में फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस अवसर पर फिरोजिया ट्रॉफी की विजेता टीम को रुपए 1



लाख और उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए के अतिरिक्त नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। फिरोजिया ट्रॉफी का आयोजन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक उज्जैन के क्षीर सागर मैदान पर किया गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिससे दर्शक अंत तक मैच का आनंद लेते रहे। सांसद अनिल फिरोजिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फिरोजिया ट्रॉफी में प्रत्येक वर्ष पधारने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पर आभार व्यक्त किया।फिरोजिया ट्रॉफी सांसद अनिल फिरोजिया के पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में विगत 21 वर्षों से हर वर्ष आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रुपए 5 लाख 51 हजार है और द्वितीय पुरस्कार 2 लाख 51 हजार रुपये है। प्रतियोगिता में इस वर्ष नारी शक्ति वंदन की भावना को साकार करते हुए महिला क्रिकेट मैच और मातृशक्ति सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, रवि सोलंकी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# रनिंग ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर आर्मी जवानों को टारगेट करती थी दिल्ली की टप्पेबाज गैंग

## - सेना के जवानो-मुसाफिरो को नकली नोटो की गड्डी दिखाकर करते थे मोबाइल,एटीएम कार्ड चोरी

भोपाल(ए.)। जीआरपी भोपाल की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दिल्ली के एक ऐसे शतिर गिरोह को गिरफ्तार किया है, जो नकली नोट की गड्डी दिखाकर रनिंग ट्रैनो और प्लेटफार्म पर लोगो को अपने झांसे में लेकर चोरी की वारदातो को अंजाम देता था। गिरफ्त में आई टप्पेबाज गैंग मुसाफिरो के साथ ही मुख्य रुप से आर्मी जवानों को अपना निशाना बनाती थी। दबोचे गये आधा दर्जन आरोपी दिल्ली के रहने वाले है। गिरोह में शामिल दो आरोपियो ने देश के कई शहरो में वारदातो को अंजाम दिया है, बदमाशो के पास से पुलिस ने 9 लाख का माल बरामद किया है।

### - आर्मी जवान को भोपाल स्टेशन पर निशना बनाना पड़ा भारी

थाना प्रभारी निरी. जहीर खॉन से मिली जानकारी के अनुसार बीती 17 अप्रैल को फरियादी अमर सिंह पिता दयाराम निवासी बिशारतगंज बरेली हाल पता- थ्री ईएमई सेंटर लालघाटी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह सेना में पदस्थ है। 16 अप्रैल को वह उद्योग नगरी एक्सप्रेस ट्रैन से भोपाल से पुणे जाने के लिये भोपाल रेल्वे स्टेशन पहुचां था। ट्रेन आने से कुछ समय पहले स्टेशन पर भीड़-भाड़ के बीच अज्ञात बदमाश ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया और मोबाइल से एटीएम के जरिये से रकम निकाल ली। जीआरपी ने अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर जॉच शुरु की।



### - सीसीटीवी में जवान को घेरकर खड़े नजर आये संदेही

रेल एसपी भोपाल राहुल कुमार लोढा ने आरोपियो की धरपकड़ के लिये टीआई जहीर खान के नेतृत्व में टीम गठित की। छानबीन के दौरान टीम ने जब घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें वारदात को अंजाम देने वाले संदेही युवक फरियादी जवान को घेर कर खड़े हुए नजर आये। फुटेज के आधार पर टीम ने उनकी तलाश शुरु की आखिरकार बीते दिन सभी संदेहियो के एक बार फिर भोपाल रेल्वे स्टेशन पर नजर आने पर घेराबंदी कर उन्हें दबोचा गया।


### - दिल्ली के रहने वाले है सभी अरोपी

पूछताछ में आरोपियो की पहचान जोगिंदर पिता कृष्ण अवतार, दिलशाद पिता सोहेल, अरशद पिता असगर अली, सुमित उर्फ धीरज पिता राजीव लाल, अनवर पिता इसराइल और अमतुल्लाह पिता अब्दुल सलाम सभी निवासी जेजे कॉलोनी बवाना दिल्ली के रुप में हुई।गिरोह में शामिल आरोपियो ने खुलाया कि वह सभी निजी गाड़ियो से दिल्ली से आकर भीड़भाड़ वाले अलग-अलग स्टेशनों पर जाकर सफर कर रहे सेना के जवानों और आसान टारगेट नजर आने वाले यात्रियों को अपनी बातों में उलझाते थे। योजना के मुताबिक गैंग के कुछ आरोपी नकली नोटों की कागज की बनी हुई गड्डी रूमाल में रख कर उसे दिखाते हुए उन्हें अपने भरोसे में फांस लेते। इसके बाद मौका पाकर गिरोह के अन्य बदमाश जाल मे फंसे व्यक्ति का मोबाइल-एटीएम कार्ड चोरी कर एटीएम मशीन से नगद रकम निकाल लेते थे। आरोपियो ने इसी तरह इंदौर में भी मोबाइल चोरी के बाद डेढ़ लाख की चोरी की घटना करना स्वीकार किया है।जीआरपी ने गिरोह के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किये गये वाहन, दो मामलो ने चोरी की गई नगदी, मोबाइल, नकली कागज के नोटों की गड्डीया सहित करीब 9 लाख रुपये का माल जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया की गैंग के सदस्य दिल्ली, मथुरा एवं अन्य थानों में गिरफ्तार हो चुके है। गिरोह में शामिल अरशद के खिलाफ थाना लिंक रोड गाज़ियाबाद, मथुरा जीआरपी और थाना राजौरी गार्डन दिल्ली में पूर्व से अपराधिक मामले दर्ज है।

## सेंट्रल जेल की गौशाला में कैदी में फांसी लगाकर की खुदकुशी

### - हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था मृतक

भोपाल(ए.)। राजधानी में स्थित भोपाल सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी ने गौशाला में लगे पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुचीं



गांधीनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बाड़ी जिला रायसेन का रहने वाला गुड्डू आदिवासी (58) साल 2017 से हत्या के मामले में सेंट्रल जेल में बंद था। वह जेल परिसर की गौशाला में गौसेवक के रूप में कार्य करता था। हर रोज करीब 18 बंदी प्रहरी के साथ गौशाला में गायों की देखभाल के लिए जाते हैं। रविवार को भी वह अन्य बंदियों के साथ रोजाना की तरह गौशाला में काम करने गया था। दिन भर उसने सामान्य तरीके से काम किया, नए कपड़े पहने और ट्रैक्टर भी चलाया। शाम करीब 5.30 बजे लौटते समय गौशाला का पानी का पंप खुला रह गया था, जिस पर प्रहरी ने उसे पंप बंद करने के लिए वापस भेजा। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा तब प्रहरी ने अंदर जाकर देखा, तो वहॉ गुड्डू का शरीर पेड़ पर बने रस्सी के फंदे पर लटका नजर आया। उसने गायों के पैरों में बांधने वाली रस्सी से फांसी का फंदा बनाया था। मृतक के शव को पीएम के लिये मर्चुरी में रखवाया गया। पुलिस ने बताया की परिजनों के आने पर शव का पीएम कराया जाएगा।

# तेज गर्मी में वाहनों में आग का सिलसिला जारी, नानाखेड़ी में चलती स्कूटी धू-धूकर जली



गुना (ए.)। जिले में बढ़ते तापमान के साथ वाहनों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सोमवार को नानाखेड़ी मंडी गेट के सामने चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ ही पलों में पूरा वाहन लपटों में घिर गया। इस घटना ने आसपास मौजूद लोगों में दहशत पैदा कर दी। जानकारी के अनुसार स्कूटी दिलीप रघुवंशी की थी, जिसे उनकी पत्नी बाजार जा रही थीं। इसी दौरान अचानक स्कूटी से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मौके पर मौजूद लोगों को पेट्रोल टैंक फटने का डर सताने लगा, जिसके चलते लोग दूर हटकर खड़े हो गए।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले पंद्रह दिनों में यह तीसरी घटना है, जब किसी वाहन में आग लगी है। इससे पहले बांसखेड़ी क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में आग लग गई थी, वहीं राघौगढ़ के साडा बाजार में एक शोरूम के सामने खड़ी इलेक्ट्रिक गाड़ी भी आग की चपेट में आकर जल गई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से शहरवासियों में चिंता का माहौल है। लोगों का मानना है कि अत्यधिक गर्मी और तकनीकी खामियों के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। नागरिकों ने प्रशासन से वाहनों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने और आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।।

# विदा होकर ससुराल जा रही एक नई-नवेली दुल्हन की कार अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरे कुएं में जा गिरी, बची 4 जानें



अशोकनगर, (ए.)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के नईसराय क्षेत्र में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक ऐसी घटना घटी जिसे सुनकर हर कोई दंग रह गया। विदा होकर ससुराल जा रही एक नई-नवेली दुल्हन की कार अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरे कुएं में जा गिरी। चीख-पुकार और अंधेरे के बीच पुलिस और ग्रामीणों की तत्परता ने यमराज के द्वार से दुल्हन और उसके परिजनों को सुरक्षित वापस खींच लिया।

**मोड़ पर अनियंत्रित हुई खुशियां:**

जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जिले के बडौदी निवासी वीरू कुशवाहा और सत्येंद्र बाथम कार से दुल्हन को लेकर लौट रहे थे। रात के सन्नाटे में जब कार अखाईघाट और घुरावत गांव के बीच एक अंधे मोड़ पर पहुंची, तभी चालक नियंत्रण खो बैठा। कार सीधे सड़क किनारे बने 30 फीट गहरे कुएं में समा गई।

**राहगीर बना देवदूत, पुलिस ने दिखाया अदम्य साहस:**

हादसे को अपनी आंखों से देखने वाले एक राहगीर ने तुरंत 112 और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नईसराय थाना प्रभारी मनीष गुर्जर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रात का अंधेरा और गहरा कुआं रेस्क्यू में बड़ी बाधा थे, लेकिन पुलिस ने बिना वक्त गंवाए एक व्यक्ति को रस्सियों के सहारे कुएं में उतारा।

**सांस रोक देने वाला रेस्क्यू ऑपरेशन-**

कुएं के मलबे के बीच फंसी कार से दुल्हन, चालक और दो अन्य परिजनों को रस्सियों के सहारे एक-एक कर बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि अगर पुलिस और ग्रामीण 10 मिनट की भी देरी करते, तो कार में पानी भरने या दम घुटने से बड़ी जनहानि हो सकती थी। फिलहाल सभी घायलों का उपचार जारी है और वे खतरे से बाहर हैं।

**कार निकालने की मशक्कत जारी:**

इंसानी जानों को बचाने के बाद पुलिस और प्रशासन ने देर रात तक कार को कुएं से बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण सोमवार सुबह तक सफलता नहीं मिल सकी थी।

# पत्नी के प्रेमी ने पति को भेजे फोटो-वीडियो, एक पल में उजड़ गया हंसता खेलता परिवार

इंदौर (ए.)। इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र के बापू गांधी नगर में एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगा ली। घटना का खुलासा उस समय



हुआ जब मासूम बेटी ने अपने पिता को फंदे पर लटका हुआ देखा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक की शिनाख्त कृष्णा भालेराव (36) पिता बलिराम भालेराव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही लसूड़िया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**पारिवारिक विवाद से मानसिक तनाव में था पति**

परिजनों द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर यह बात सामने आई है कि मृतक अपनी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंधों को लेकर काफी समय से मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार कृष्णा की पत्नी रीना की मित्रता खरगोन निवासी रविंद्र मानकर से थी, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर कहासुनी और विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

**पति को फोटो वीडियो भेजता था पत्नी का प्रेमी**

विवाद का मुख्य कारण रविंद्र द्वारा कृष्णा के मोबाइल पर भेजे जाने वाले फोटो और मैसेज बताए जा रहे हैं। इसके कारण घर का वातावरण लगातार अशांत रहता था। परिजनों ने यह भी बताया कि बीते 16 अप्रैल को भी इसी विषय पर घर में काफी विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी ने मोबाइल से संबंधित फोटो और मैसेज डिलीट कर दिए थे।

**पति के साथ हुई थी मारपीट**

मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ समय पहले खरगोन में इस विवाद के चलते कृष्णा के साथ मारपीट भी की गई थी। इतना ही नहीं, उस दौरान कृष्णा के विरुद्ध कानूनी मामला भी दर्ज कराया गया था। इन तमाम परिस्थितियों के कारण कृष्णा पिछले कुछ समय से काफी परेशान चल रहा था।

## *कस्टोडियल डेथ - पुलिस हिरासत में बंदी की मौत, चौकी प्रभारी सस्पेंड, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश*

*इन्दौर (ए.)। पुलिस हिरासत में युवक की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला इन्दौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित भागीरथपुरा पुलिस चौकी का है। जहां चौकी में हिरासत के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान रामजी सहयोग नहीं कर रहा था। इसी बीच उसने प्यास लगने की बात कही और पानी पीने के लिए गया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं जब पूछा तो उसने बताया कि उसने डर के कारण पानी के साथ बाथरूम में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया।*

## *मंदसौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार से 156.5 किलो डोडाचूरा जब्त*

*मंदसौर,(ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले की नारायणगढ़ थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है।थाना प्रभारी उपनिरीक्षक भारत भाबर ने बताया कि रविवार सोमवार की रात सउनि बाबूलाल डामोर और पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान जय वीर हनुमान मंदिर, मंदसौर-संजीत रोड, काचरिया कदमाला चौपाटी के पास कार्रवाई की गई।पुलिस ने महिंद्रा एसयूवी कार की तलाशी ली, जिसमें 8 प्लास्टिक कट्टों में भरा कुल 156.5 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। मामले में आरोपी सुखदेव पुत्र किशनाराम विश्नोई (29) निवासी रामदेव नगर, गुजरवास खुर्द, थाना बनाड़, जिला जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया है।*

# सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में प्रसूता की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया



सागर,(ए.)। मध्य प्रदेश के सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में सोमवार सुबह एक 30 वर्षीय प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में आक्रोश का माहौल बन गया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी अनुसार मृतका की पहचान नयाखेड़ा निवासी संध्या अहिरवार के रूप में हुई है, जिसे 17 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर बंडा अस्पताल से रेफर कर बीएमसी लाया गया था। यहां उनका उपचार जारी था। परिजनों के अनुसार, रविवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें लेबर रूम में शिफ्ट किया गया, जहां सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।परिवार के सदस्यों का आरोप है कि मरीज को समय पर उचित उपचार नहीं मिला। उनका कहना है कि संध्या करीब दो घंटे तक दर्द से तड़पती रही, लेकिन समुचित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्टाफ द्वारा लगाए गए एक इंजेक्शन के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई। इसी दौरान संध्या की मौत हो गई।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जबलपुर, (ए.)। शहपुरा के नटवारा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 39 वषीय संतोष सिंह राजपूत, निवासी ग्राम नटवारा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, संतोष सिंह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20



एमएक्स 4565 से गैस सिलेंडर लेने शहपुरा गया था और वहां से वापस लौटते समय, नटवारा चौराहे के पास सड़क पार करते समय कार क्रमांक एमपी 19 जेडएस 5201 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर ने संतोश की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी और मौके पर ही वाहन छोडकर फरार हो गया।

संतोष के छोटे भाई कृष्ण कुमार राजपूत ने पुलिस को बताया कि उसे आसपास के लोगों ने फोन पर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचने पर देखा कि उसके भाई को सिर, माथे, सीने और पैरों में गंभीर चोटें थीं। संतोष सिंह को तुरंत शहपुरा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापार समाचार

# सोना-चांदी खरीदने वालों की लगी लॉटरी, एक झटके में औंधे मुंह गिरे दाम; जानें ताजा भाव




नई दिल्ली (ए.) । सर्राफा बाजार में सोना-चांदी खरीदने का मन बना रहे ग्राहकों के लिए एक बेहद बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। बीते सप्ताह दोनों कीमती धातुओं के दाम में जो जोरदार तेजी देखने को मिल रही थी, उस पर हफ्ते के पहले ही कारोबारी दिन अचानक ब्रेक लग गया है। सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर वायदा कारोबार शुरू होते ही सोना और चांदी धड़ाम से नीचे आ गिरे। एक ही झटके में चांदी की कीमतों में 5000 रुपये से ज्यादा की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस ताजा गिरावट के बाद अब चांदी अपने उच्चतम स्तर (लाइफ टाइम हाई) से 1.87 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है, जबकि सोने के भाव में भी तगड़ी कमी आई है।

**खुलते ही भरभराकर गिरी चांदी, जानिए क्या है ताजा भाव**

एमसीएक्स पर सोमवार को कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। 5 मई की एक्सपायरी वाली चांदी का भाव बीते शुक्रवार को 2,57,142 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था, लेकिन सोमवार सुबह खुलते ही यह धड़ाम होकर 2,51,785 रुपये पर आ गया। इस हिसाब से बाजार खुलते ही चांदी सीधे 5,357 रुपये प्रति किलो सस्ती हो गई। अगर चांदी के सर्वकालिक उच्च स्तर से इस गिरावट की तुलना करें, तो यह अब 1,87,552 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती मिल रही है। गौरतलब है कि इसी साल जनवरी महीने में चांदी का वायदा भाव पहली बार 4 लाख रुपये के पार निकला था और 4,39,337 रुपये प्रति किलो का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था।

**सोने की चमक भी पड़ी फीकी, 50 हजार रुपये से ज्यादा सस्ता हुआ गोल्ड**

चांदी की ही तर्ज पर एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में भी सोमवार को बड़ी गिरावट हावी रही। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का रेट अपने पिछले कारोबारी बंद के मुकाबले ओपनिंग के साथ ही 1780 रुपये कम हो गया। पिछले शुक्रवार को 5 जून की एक्सपायरी वाले वायदा सोने का भाव 1,54,609 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, जो सोमवार को औंधे मुंह गिरकर 1,52,829 रुपये पर आ गया। इस बड़ी गिरावट के साथ अब सोना अपने लाइफ टाइम हाई लेवल 2,02,984 रुपये से सीधे 50,155 रुपये सस्ता मिल रहा है। शादी-ब्याह के सीजन में ग्राहकों के लिए यह किसी बड़े सुनहरे मौके से कम नहीं है।

**अमेरिका-ईरान जंग के बाद से अब तक कितनी आई गिरावट ?**

मिडिल ईस्ट में युद्ध की स्थिति के बाद से अब तक दोनों कीमती धातुओं के भाव में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 28 फरवरी को जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी, उससे ठीक एक दिन पहले यानी 27 फरवरी को एमसीएक्स पर चांदी 2,82,644 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। ताजा कीमतों से तुलना करें तो इस दौरान चांदी 30,859 रुपये प्रति किलो सस्ती हो चुकी है।

## *हीरो स्प्लेंडर बनीं देश की सबसे अधिक बिकने वाली बाइक*



*नई दिल्ली (ए.)। बीते मार्च 2026 में, हीरो स्प्लेंडर देश की सबसे अधिक बिकने वाली बाइक बनकर उभरी, जिसने कुल 3,32,227 यूनिट्स की प्रभावशाली बिक्री दर्ज की। यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के 3,22,529 यूनिट्स की तुलना में 3.01 प्रतिशत की शानदार वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। भारतीय दोपहिया बाजार में हीरो स्प्लेंडर ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित किया है। हीरो स्प्लेंडर की यह लगातार सफलता बताती है कि विश्वसनीयता, सामर्थ्य और बेहतरीन माइलेज के कारण यह आज भी भारतीय परिवारों की पहली पसंद बनी हुई है। बिक्री की इस दौड़ में होंडा एक्टिवा दूसरे स्थान पर रही, जिसने 36.86 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल 2,59,670 यूनिट्स स्कूटर बेचे।*

# पहले गिरावट फिर रिकवरी, हफ्ते के पहले दिन तेल का झटका सह गया शेयर बाजार; सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में

मुंबई (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच फिर जंग जैसे हालात बन रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के पलटवार ने ग्लोबल टेंशन को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। इस बीच क्रूड की कीमतें फिर छलांग लगाने लगी हैं और ब्रेंट क्रूड करीब 6% महंगा हो गया। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को इस टेंशन का असर शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान देखने को मिला और सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ लाल निशान पर ओपन हुए।

लेकिन कुछ ही मिनटों में बाजी पलटी नजर आई और जंग की आहट व तेल के झटके से उबरते हुए सेंसेक्स-निफ्टी ने तेज रिकवरी करनी शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा चढ़कर कारोबार करता हुआ नजर आया।

सोमवार को शेयर मार्केट में कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ रेड जोन में हुई। बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले शुक्रवार के बंद 78,493 की तुलना में खुलने के साथ ही फिसलकर 78,203 के लेवल पर आ गया। हालांकि, कुछ देर बाद ही ये इंडेक्स रिकवरी मोड में आ गया और उछलकर 78,733 के लेवल पर कारोबार करने लगा।

NSE Nifty भी सेंसेक्स की तरह ही चलता हुआ नजर आया। 50 शेयरों वाला ये इंडेक्स अपने पिछले बंद 23,353 की तुलना में ओपनिंग के साथ ही गिरकर 24,241 के लेवल पर आ गया, लेकिन फिर अचानक इसकी गिरावट पर भी ब्रेक लग गया और ये उछलकर 24,420 के स्तर पर कारोबार करता नजर आने लगा।

# वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय रेलवे की स्क्रैप से कमाई 6,800 करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली (ए.)। सरकार ने रविवार को बताया कि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025–26 में कबाड़ (स्क्रैप) बेचकर 6,813.86 करोड़ रुपए कमाए हैं, जो 6,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य से अधिक है। इस उपलब्धि की खास बात यह है कि स्क्रैप बेचकर कमाई (मॉनिटाइजेशन) में रेलवे ने अपने लक्ष्य को काफी हद तक पार कर लिया है। इससे पहले 2024–25 में भी रेलवे ने 5,400 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 6,641.78 करोड़ रुपए की कमाई की थी।लगातार मिल रही यह सफलता दिखाती है कि रेलवे अपने डिपो, यार्ड और वर्कशॉप में पड़े पुराने और बेकार सामान से सही कमाई कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से न सिर्फ रेलवे की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि इससे जगह भी खाली हो रही है और रीसाइक्लिंग के जरिए पर्यावरण को भी फायदा मिल रहा है। साथ ही, पुराने सामान के निपटान की पारदर्शी व्यवस्था से कामकाज और बेहतर हुआ है। स्क्रैप से कमाई के साथ-साथ टिकट के अलावा होने वाली आय (नॉन-फेयर रेवेन्यू - एनएफआर) भी रेलवे की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है। स्टेशन विकास, विज्ञापन और रेलवे की संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग से होने वाली यह कमाई पिछले पांच साल में लगातार बढ़ी है। 2021-22 में यह आय करीब 290 करोड़ रुपए थी, जो 2025-26 में बढ़कर 777.76 करोड़ रुपए हो गई, यानी करीब 168 प्रतिशत की बढ़त हुई। सरकार ने कहा कि इस अतिरिक्त आय से रेलवे आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और यात्रियों की सुविधाओं में निवेश कर रहा है। इनमें बेहतर स्टेशन सुविधाएं, साफ-सफाई, डिजिटल सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना शामिल है और यह सब बिना किराया बढ़ाए किया जा रहा है।

# अमेरिका-ईरान तनाव से शेयर बाजार में भारी भूचाल, पलक झपकते ही निवेशकों के डूब गए 71 हजार करोड़ रुपए

मुंबई (ए.) । अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की शांति वार्ता से पहले भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर शेयर बाजार पर देखने को मिला है। अमेरिका द्वारा एक ईरानी जहाज पर कब्जा जमाने



की खबरों के बीच निवेशकों में भारी घबराहट फैल गई। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। एक तरफ अमेरिका का कहना है कि नाकेबंदी अभी भी जारी है, तो वहीं ईरान इस पर अपने पूर्ण नियंत्रण का दावा कर रहा है। इसी कश्मकश के बीच भारतीय शेयर बाजार में दिनभर भारी उठा-पटक का माहौल रहा और निवेशकों को तगड़ा झटका लगा। शुक्रवार रात बाजार में यह खबर फैली थी कि होर्मुज को खोल दिया गया है, जिसके बाद अमेरिकी बाजारों में शानदार तेजी दर्ज की गई थी। इसका असर भारतीय बाजार पर भी दिखने की उम्मीद थी और गिफ्ट निफ्टी सोमवार को 400 अंक ऊपर खुलने के मजबूत संकेत दे रहा था। लेकिन, शनिवार को अचानक होर्मुज के दोबारा बंद होने की खबर आ गई, जिसने शेयर बाजार का पूरा गेम ही पलट कर रख दिया। सकारात्मक शुरुआत की उम्मीदें धरी की धरी रह गईं और बाजार खुलते ही भारी अस्थिरता का शिकार हो गया। सेक्टर के हिसाब से देखें तो बाजार में मिला-जुला लेकिन तनावपूर्ण कारोबार हुआ। आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में काफी दबाव देखने को मिला। हालांकि, ऑटो और पीएसयू बैंक के शेयरों ने मार्केट को संभालने और ऊपर लाने की काफी कोशिश की, लेकिन मिड और स्मॉल कैप के शेयरों में हुई भारी बिकवाली ने बाजार को उठने नहीं दिया।

# सरकार ने एक दिन में 53.5 लाख एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए, 98 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल माध्यम से हुई



नई दिल्ली (ए.)। भले ही पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी बिना किसी रुकावट के जारी है। एक ही दिन में 53.5 लाख से ज्यादा सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जिससे नागरिकों को ईंधन की निर्बाध उपलब्धता का भरोसा दिलाया गया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, बुकिंग के मुकाबले घरेलू एलपीजी की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल, 2026 को 53.5 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर सिलेंडरों की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली।

सरकार ने घरों तक सप्लाई को प्राथमिकता दी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मौजूदा संकट के दौरान खाना पकाने का जरूरी ईंधन उपलब्ध रहे।

डिजिटल माध्यमों को अपनाने में भी काफी बढ़ोतरी हुई है; लगभग 98 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन की जा रही हैं, जबकि 93 प्रतिशत से अधिक डिलीवरी अब डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के जरिए प्रमाणित की जा रही हैं ताकि सिलेंडरों का गलत इस्तेमाल या हेरफेर रोका जा सके।

सप्लाई के मोर्चे पर, सरकार ने घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी सेगमेंट के लिए 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## श्वेत पत्र जारी हो विदेशी चंदे पे

विदेशी चंदे की भारत में क्या भूमिका रही है और इसका किस हद तक अवांछित उद्देश्यों के लिए उपयोग हुआ है, इस बारे में स्पष्टता बनाने की जरूरत है। बेहतर होगा कि केंद्र इस बारे में श्वेत पत्र जारी करे।संसद के चालू सत्र में विदेशी अनुदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक ना पारित कराने के केंद्र के एलान से इस बारे में टकराव फिलहाल टल गया है। केंद्र ने कहा कि केरल में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों ने इस मुद्दे पर अनावश्यक विवाद खड़ा किया। वैसे, कहा यह भी जा सकता है कि इसी चुनाव के कारण विधेयक को फिलहाल टालने पर केंद्र इतनी आसानी से राजी हो गया। वरना, विवादित विधेयकों को बहुमत के जोर से पारित कराने का उसका रिकॉर्ड जग-जाहिर है। केरल में भाजपा की नजर भी ईसाई मतदाताओं पर है; इसके बावजूद कि भाजपा और उसके सहमना संगठनों का लंबे समय से इल्जाम है कि ईसाई संस्थाएं विदेशी धन का इस्तेमाल धर्मांतरण के लिए करती हैं।और संभवत: इसीलिए एफसीआरए के नियमों में बदलाव को ईसाइयों ने अपने खिलाफ माना है। कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया ने इसे खतरनाक और चिंताजनक बताया है, जबकि केरल और अन्य राज्यों में चर्च समूहों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। बहरहाल, विदेशी चंदे को सिर्फ सांप्रदायिक संदर्भ में देखना सही नजरिया नहीं है। बेहतर होगा कि ऐसे चंदे की व्यापक भूमिका पर विचार- विमर्श किया जाए। विदेशी चंदे की भारत में क्या भूमिका रही है और इसका किस हद तक अवांछित उद्देश्यों के लिए उपयोग हुआ है, इस बारे में स्पष्टता बनाने की जरूरत है। बेहतर होता कि केंद्र इस बारे में श्वेत पत्र जारी करता। उससे इस बारे में ठोस समझ बनाने में मदद मिलती। लेकिन वर्तमान सत्ताधारी पार्टी पर आरोप है कि वह महज कुछ हलकों के लिए चंदे के स्रोत रोकना चाहती है, जबकि अपने सहमना संगठनों के लिए वह इसका रास्ता खुला रखना चाहती है। इसलिए उसकी ये पहल विवादास्पद हो गई है। वरना, हर देश का यह संप्रभु अधिकार है कि वह अपने यहां धन या अन्य माध्यमों से विदेशी हस्तक्षेप को नियंत्रित और विनियमित करे। ऐसा निष्पक्ष रुख एवं अधिकतम सहमति के साथ किया जाए, तो विवाद की संभावना न्यूनतम रहेगी। जबकि पहल के पीछे के इरादे पर शक हो, तो बात बिगड़ जाती है। ऐसा ही इस मामले में हुआ है।

# भाजपा के हाथ कानून की तरह लंबे

**अजीत द्विवेदी**

हर दो साल पर होने वाले राज्यसभा चुनाव में आम लोगों की तो कम लेकिन राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों की बड़ी रूचि होती है। कौन उम्मीदवार होगा से लेकर कौन जीतेगा तक सारी चीजें बहुत दिलचस्प होती हैं। सबसे ज्यादा रोचक मामला विधायकों के वोट डालने का होता है। माननीय विधायक इसमें मतदाता होते हैं। यानी जिन लोगों को कई लाख लोग वोट देकर चुनते हैं वे राज्यसभा का सांसद चुनते हैं और सोचें, उनके भी वोट गलत तरीके से डाले जाने की वजह से अवैध हो जाते हैं! क्या यह बात किसी के गले उतरती है कि कोई विधायक ठीक ढंग से वोट नहीं डाल पाएगा? जाहिर है वह जान बूझकर अपना वोट अवैध कराता है। फिर सवाल है कि ऐसे नाटक की क्या जरुरत है? इसमें एक पहलू यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में वोट अवैध होने या क्रॉस वोटिंग करने की घटनाएं प्रत्यक्ष रूप से भाजपा के शक्तिशाली होते जाने के समानुपातिक हैं। यानी जैसे जैसे भाजपा मजबूत हो रही है वैसे वैसे राज्यसभा चुनाव में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। राज्यसभा का चुनाव सांस्थायिक भ्रष्टाचार की व्यवस्था बनता जा रहा है।

बहरहाल, 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर हुए चुनाव के बाद जो सबसे अपरिहार्य आवश्यकता दिख रही है वह ये है कि राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के तरीके में बदलाव किया जाए। हर चुनाव में भाजपा जो करती है वह अलग है। उसे तो नहीं रोका जा सकता है। वह तो साम, दाम, दंड और भेद चारों तरीकों का इस्तेमाल करती रहेगी। भाजपा के शक्तिशाली होने के पहले जब कांग्रेस का दौर था, तब भी थोड़ी बहुत गड़बड़ होती थी। लेकिन अब वह गड़बड़ी कई गुना बढ़ गई है।

अगर एक रूपक के हिसाब से कहें तो कांग्रेस के पास ओवरकोट होता था, वह कहीं से एकाध बटन लगाने का बंदोबस्त करती थी। अब भाजपा के पास



एक बटन भी होता है तो वह ओवरकोट का इंतजाम कर लेती है। यानी जीतने के लिए 30 वोट की जरुरत है और भाजपा के पास तीन वोट हैं तो वह चुनाव लड़ सकती है और जीत भी सकती है। सो, इसका तो कोई उपाय नही हो सकता है। इसी सचाई के बीच पार्टियों को सर्वाइवल के उपाय करने होंगे।

हां, अगर चुनाव आयोग वोटिंग के नियम भी बदल दे तो कई तरह की नौटकियों से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसी नौटकियों से जिसकी किसी सभ्य लोकतांत्रिक समाज में जगह नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कुछ नहीं करना है। वोटिंग के तरीके को सरल बना दिया जाए। इसमें सबसे पहला बदलाव तो यह करने की जरुरत है कि अगर राज्यसभा का चुनाव ओपन बैलेट से होता है और चुनाव में दलबदल का कानून लागू नहीं होता है तो इसे पूरी तरह से ओपन कर देना चाहिए। इस नौटंकी का कोई मतलब नहीं है कि ओपन बैलेट से वोट करेंगे लेकिन वोट सिर्फ अपनी पार्टी के पोलिंग एजेंट को दिखाएंगे। अगर किसी दूसरे व्यक्ति ने देख लिया तो वोट अवैध हो जाएगा। क्यों भाई, दूसरे ने देख लिया तो क्यों अवैध हो जाएगा? जब वह विधायक किसी को भी वोट दे, उसके खिलाफ दलबदल कानून नहीं लागू होना है तो उसका वोट कोई भी देख ले, उससे क्या फर्क पड़ता है? सोचें, पार्टी के पोलिंग एजेंट को पता है कि उसकी पार्टी का विधायक है तो वह पार्टी के उम्मीदवार को वोट करेगा। अगर वह पार्टी उम्मीदवार को वोट नहीं करेगा यानी क्रॉस वोटिंग करेगा तब भी पोलिंग एजेंट को उसे अपना वोट दिखाना ही है। वह जिसके पक्ष में क्रॉस वोटिंग करेगा उसको पहले से पता होगा कि क्या होने वाला है।

और क्रॉस वोटिंग के बावजूद उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकती है। फिर भी यह नौटंकी चलती है कि अगर दूसरा व्यक्ति वोट देख लेगा तो वोट अवैध हो जाएगा। इसका सीधा समाधान तो यह है कि राज्यसभा चुनाव में ओपन बैलेट हो, विधायक बता कर वोट करें कि वे किसको वोट दे रहे हैं और वोट अवैध करने की व्यवस्था ही समाप्त हो। या तो वोट अवैध करने की व्यवस्था समाप्त हो या फिर क्रॉस वोटिंग करने पर दलबदल कानून लागू करने का प्रावधान किया जाए। इससे राज्यसभा चुनाव में होने वाले बेहिसाब भ्रष्टाचार कुछ कम होगा।

इसी तरह की एक नौटंकी यह है कि एक खास तरह के पेन से ही वोट देना होगा। अगर पेन बदल गया या स्याही बदल गई तो वोट अवैध हो जाएगा। हरियाणा में कुछ साल पहले ऐसा ही हुआ था। जब पेन बदलने से कांग्रेस के 14 में से 13 विधायकों का वोट अवैध हो गया था। इस वजह से इनेलो व कांग्रेस के साझा उम्मीदवार आरके आनंद चुनाव हार गए थे। सवाल है कि इतनी सुरक्षा व्यवस्था में मतदान होता है और बैलेट पर अपनी प्राथमिकता लिख कर विधायक अपना वोट बक्से में डालते हैं, जो सबके सामने होता है और सबके सामने खुलता है तो फिर उसमें क्या गड़बड़ी हो सकती है, जिसे रोकने के लिए पेन और स्याही की ऐसी व्यवस्था बनाई गई है? पहले ठप्पा लगाने की व्यवस्था थी। उसे बहाल किया जाए और वोटिंग के समय ठप्पा थोड़ा इधर उधर या ऊपर नीचे हो जाने के आधार पर वोट अवैध न किया जाए।

सोचें, कैसे कैसे कारण से वोट अवैध हो जाते हैं। इस बार हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में एक विधायक का वोट इसलिए अवैध हो गया क्योंकि उसने पहली प्राथमिकता का वोट देने के लिए अंक में 1 लिखने के बाद उसके आगे डॉट लगा दिया था। ऐसी ही छोटी छोटी बातों पर पहले भी वोट अवैध होते रहे हैं। जैसे किसी ने प्राथमिकता स्पष्ट रूप से नहीं लिखी या किसी ने लिखी तो नंबर ऊपर या नीचे हो गया या किसी ने अपने पोलिंग एजेंट को वोट दिखाया तो दूसरे ने भी देख लिया आदि आदि। इसलिए ऐसी बातों की बजाय चुनाव की बिल्कुल सरल व्यवस्था बनानी चाहिए। राज्यसभा में मतदाता गिनती के होते हैं। सामने टेबल लगा कर सभी पार्टियों के पोलिंग एजेंट बैठें और वोट देने आए विधायक से पूछ लिया जाए कि वह किसको वोट कर रहा है और उस उम्मीदवार के आगे उसका नाम दर्ज कर दिया जाए। न कोई झंझट है और न वोट अवैध होने की चिंता है।

# महिला आरक्षण,परिसीमन संविधान संशोधन बिल, आखिर पारित क्यों नहीं हो पाया।

**अजय दीक्षित**

लोकसभा सरकार द्वारा पेश महिला आरक्षण, परिसीमन संविधान संशोधन बिल पारित नहीं हो सका है क्योंकि सरकार दो तिहाई समर्थन नहीं जुटा सकी इसलिए 298 मत लाकर गिर गया। विपक्ष ने कोई सहयोग नहीं किया कांग्रेस,सपा, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस, बीजेडी, सीपीएम, सीपीई, RSP, सहित डालो विरोध में 230 का अकड़ा जूता लिया जबकि सरकार को 336 मतों की आवश्यकता थी।

इससे पहले लोकसभा में जमकर बहस हुई।बिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, निशिकांत दुबे, के सी वेणुगोपाल,आदि नेताओं ने भाग लिया। इस बिल के गिरने से सरकार अचरज में नहीं है उसे पहले ही मालूम था।इसी लिए उसने जो बिल का प्रारूप पेश किया वह महिला आरक्षण तो था ही था बल्कि सरकार की मनसा परिसीमन बिल की अधिक थी ।2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार आई है।12 वर्ष में सत्ता और विपक्ष में कटुता इतनी बढ़ गई है कि राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात भी नहीं होती है।जिस तरह से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, और अन्य कांग्रेस नेता आरोप लगा ते रहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक संस्थाओं को हाइजैक कर लिया है। सर्वोच्च न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक कांग्रेस ने निष्पक्षता के कटघरे खड़ा कर दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि ED, सीबीआई,NCRTE,NIA, आदि को भी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्यों के विधानसभा चुनाव में आयोग की



भूमिका को संदेहास्पद मानती है यहां तक कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला,चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी महायोग का नोटिस दिया जा चुका है। अन्य पार्टियां जैसे तुड़मूल कांग्रेस, बीजेडी, सीपीएम, सीपीई, RSP, सपा, डीएमके, भारतीय जनता पार्टी को दुश्मन मानती है। परिसीमन बिल में मुख्य अपत्ति यह थी सरकार कैसे तय कर रही है क्योंकि यह तो चुनाव आयोग या परिसीमन आयोग को निर्णय करना चाहिए वह भी काफी एक्सरसाइज के बाद जबकि बिल में लिखा गया लोकसभा संख्या 850 होगी जिसमें से 35 यूनियन टेरोटरी के लिए आरक्षित होंगी।बिल राज्य बार पचास फीसदी सीट लोकसभा में बढ़ाने का प्रस्ताव था इसी प्रकार राज्यों की विधानसभा सीटों बढ़ेगी। हालांकि दक्षिण भारत के राज्यों में 129 के बजाय 195 सीट का प्रस्ताव था आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, में 24 फीसदी सीट तय की गई जो वर्तमान से कुछ ही अधिक है। लेकिन विपक्ष की आपत्ति उत्तर प्रदेश में 120, महाराष्ट्र में 78, मध्य प्रदेश में 59,इसी प्रकार राजस्थान, दिल्ली, बिहार, गुजरात, हरियाणा,को लेकर थी।

लेकिन समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने सदन में कह दिया कि हम इस बिल विरोध करेंगे चाहे NDA किसी महिला तो ही प्रधानमंत्री बना दे । राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ही यह कह कर भाषण दिया कि महिला आरक्षण तो बहाना है असली बात तो परिसीमन की है। लेकिन प्रस्ताव कोई कमी नहीं थी ।

कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी की सरकार और भारतीय जनता पार्टी विपक्ष से कोई उम्मीद नहीं रखे। कांग्रेस और अन्य पार्टियां की पीड़ा है कि अब गिने चुने राज्य रहगये है जहां सरकार अन्य पार्टियां की है जिनमें झारखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, कर्नाटक, ही है।

ये पहला मौका जब विपक्ष एक जुट हुआ है क्योंकि 12 वर्ष में मोदी सरकार ने कभी भी लोकसभा या राज्यसभा में बिल गिरने नहीं दिया है यहां तक कि जम्मू कश्मीर से संविधान की अनुच्छेद 370 पर भी सरकार हारी नहीं थी चाहे वह जीएसटी का मामला हो।

12 वर्ष जिस तरह मोदी सरकार ने कार्य ही नहीं किया बल्कि राज्य विधानसभा चुनाव में दो बार उत्तर प्रदेश,तीन बार बिहार,तीन बार मध्यप्रदेश,दो बार राजस्थान,तीन बार गुजरात,तीन बार हरियाणा,तीन बार उत्तराखंड,दो बार छत्तीसगढ़, ओडिशा,दो बार महाराष्ट्र,सहित 75 चुनाव जीते हैं बस यही कसक कांग्रेस को खाए जा रही है।

## ज्ञान,संस्कार और चरित्र से ही श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अत: प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंत:प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।




मेष राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपको शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ साझा करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। दोस्त लोग आज आपको सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे मस्ती का माहौल बनेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का शुभ अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी, जिनका आनंद आपका पूरा परिवार उठाएगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरूरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, जिससे आप बेहतर महसूस करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। अपना समय किसी खास व्यक्ति को देंगे जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। आपकी बेटी का सलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी। अपने बच्चों के साथ घर पर रह कर अच्छा समय गुजारेंगे।

सिंह राशि: आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगायेंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाइयों का सहयोग मिलेगा, जिससे लोगों में आपकी छवि अच्छी बनेगी।

तुला राशि: आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे। अधूरे कामों को पूरा करने में आज आप सक्षम रहेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में लाभ मिलने के योग बने हुए है।

वृश्चिक राशि: आज आपका मनोबल बढ़ेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहे हैं, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे आपको राहत मिलेगी। आज आपको परिवार का फुल सपोर्ट मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी आदत बनायें।

धनु राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने की उम्मीद है। आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। आपको अपने खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन आपके लिए प्रोग्रेसिव रहेगा। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। आज आप कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है।

कुम्भ राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, साथ ही डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे स्टूडेंट्स आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। आज थोड़ा समय निकाल कर अपने परिवार वालों के साथ बातचीत करें, जिससे आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले, जिससे आप उसके बारे पूरी अच्छी जान समझ लेंगे उसी के अनुसार आप अपनी योजनाएं बनायेंगे।

# (विचार मंथन) मतदान के पहले बंगाल में छापे की राजनीति

**- सनत जैन**

पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में मात्र तीन दिन का समय शेष रह गया है। पिछले 6 माह से पश्चिम बंगाल एसआईआर और ईड़ी छापे के कारण चर्चाओं में रहा है। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक टीएमसी और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लड़ाई लड़ रही हैँ। सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी स्वयं पैरवी करने के लिए पहुंच गई। इसके बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। उल्टे एक के बाद एक, उन पर शिकंजा कसता ही चला गया। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुरक्षा में तैनात हैं, उनके दो ठिकानों पर ईड़ी ने छापे डाले। वह अपने घर पर नहीं मिले। इसी मामले मे बिजनेस मैन जाय कामदार के ठिकाने पर छापा डालकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका संबंध डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा से जोड़कर देखा जा रहा है। ईड़ी ने कुछ दिन पहले ही टीएमसी की चुनाव रणनीति का काम देखने वाली मीडिया कंपनी आई पेक के संस्थापक को गिरफ्तार कर लिया था। खबर आई, कंपनी ने टीएमसी की चुनावी रणनीति का जो काम वह कर रही थी, उस कंपनी ने काम बंद कर दिया है। ममता बनर्जी ने इस खबर का खंडन करते हुए कहा, कंपनी अपना काम कर रही है। विपक्षी दल ने जानबूझकर चुनाव को प्रभावित करने के लिए यह झूठी खबर फैलाई है। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा निश्चित रूप से टीएमसी के चुनाव प्रचार के अभियान में लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही है। इससे इनकार भी नहीं किया जा सकता है। बंगाल में एसआईआर मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिब्यूनल में चल रही है। लाखों मतदाताओं को मतदान से बाहर रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मतदान के एक दिन पहले तक ट्रिब्यूनल द्वारा जिन मतदाताओं के नाम मान्य किये जा रहे हैं, उन्हें मतदान करने का अधिकार होगा। बंगाल में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होना है। पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान जिस तरह की अफरा-तफरी मची है, उसको देखते हुए मतदान और चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री के सिक्योरिटी इंचार्ज पर छापा डालकर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश टीएमसी के चुनाव को प्रभावित कर रही है। ममता बनर्जी का यह कहना चुनाव के दौरान उनकी हत्या भी हो सकती है। बड़ी चिंता का विषय है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान एवं निष्पक्ष अवसर चुनाव लड़ने के लिए मिलें, यह पश्चिम बंगाल में होता हुआ नहीं दिख रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग जब चुनाव अंतिम चरण में हो, इन सारे विवादों में यदि चुप्पी साधकर रखता है तो इसका व्यापक असर जन सामान्य और चुनाव पर पड़ना तय है। पश्चिम बंगाल में चुनाव चल रहे हैं। ईड़ी के अधिकारी चुनाव कार्य में लगे हुए लोगों को दिल्ली बुलाकर मामले की पूछताछ कर रहे हैं। चुनाव के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाकर जिस तरह से परिसीमन बिल को महिला आरक्षण बिल के रूप में पेश किया गया। सारी कार्यवाही को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। मतदान के पूर्व टीएमसी और विपक्ष को महिला आरक्षण का विरोधी बताकर भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल और देश में जो आंदोलन और प्रदर्शन किये जा रहे हैं, उससे पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभावित होना तय है। जिस तरह की स्थितियां पश्चिम बंगाल के चुनाव में देखने को मिल रही हैँ, उसके बाद राजनीतिक एवं प्रशासनिक हल्कों में चिंता भी देखने को मिल रही है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में इस बार न्यायपालिका के जजों को भी मतदाता सूची की जांच और ट्रिब्यूनल की अपील सुनने में लगा दिया गया है। मतदान के एक दिन पहले तक मतदाता सूची में, मतदाताओं के नाम जोड़ने के आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं। पश्चिम बंगाल में जिस तरह का चुनाव हो रहा है, ऐसा चुनाव भारत और दुनिया में पहली बार दिख रहा है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका हर जगह पर देखने को मिल रही है, निश्चित रूप से चुनाव के दौरान और चुनाव परिणाम आने के पश्चात इसके दुष्परिणाम बंगाल में देखने को मिलेंगे। इसका सहज अंदाज लगाया जा सकता है। विपक्ष जिस तरह से संसद के अंदर और संसद के बाहर एकजुट होकर आक्रामक हो रहा है। क्रिया की प्रतिक्रिया के फलस्वरुप केंद्रीय चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक बार फिर संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्षी दलों के सांसद जुट गए हैं। आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है, आने वाले दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के साथ ही साथ आम जनता के लिए परेशानी से भरे होंगे। जिस तरह का अविश्वास संवैधानिक संस्थाओं के प्रति बढ़ता जा रहा है, यह कोई अच्छी स्थिति भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नहीं है। वर्तमान स्थिति के कारण चिंता होना स्वाभाविक है। बांग्लादेश के चुनाव में कुछ इस तरह की स्थिति शेख हसीना के समय देखने को मिली थी जिसकी परिणति बहुत खराब हुई। शेख हसीना को जान बचाने के लिए भारत में शरण लेनी पड़ी। बांग्लादेश को कितना नुकसान हुआ है, यह सब ने देख लिया है। यदि इस तरह की स्थितियां पश्चिम बंगाल राज्य में बन रही हैं तो ऐसी स्थिति में चिंता होना स्वाभाविक है।



## चोरी करने के बाद एसी चलाकर 6 घंटे तक सोता रहा चोर, फिर निकल गया..सीसीटीवी देख पुलिस भी हैरान



नवसारी, (आरएनएस)। गुजरात में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आम इंसान ही नहीं, बल्कि चोरों का भी हाल बेहाल कर दिया है। नवसारी से एक बेहद ही चौंकाने वाला और अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक चोर ने न सिर्फ एक ऑफिस में हाथ साफ किया, बल्कि तसल्ली से एसी (AC) चालू करके करीब छह घंटे तक चैन की नींद ली। सुबह होने से ठीक पहले वह वहां से रफूचक्कर हो गया। यह पूरी हैरान करने वाली वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसे देखकर हर कोई दंग है।चोरी की यह अजीबोगरीब घटना नवसारी के जुनाथाना इलाके में हुई है। जानकारी के मुताबिक, एक नकाबपोश चोर रात करीब 10:26 बजे ताला तोड़कर एक एडवरटाइजिंग (विज्ञापन) एजेंसी के ऑफिस में दाखिल हुआ। उसने बड़े आराम से ऑफिस के दराज खंगाले और वहां रखे 60,000 रुपये नकद व 10 ग्राम चांदी पार कर दी। इस पूरी वारदात में चोर ने कुल 64,000 रुपये के माल पर हाथ साफ किया।चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आमतौर पर तस्कर तुरंत भागने की फिराक में रहते हैं, लेकिन इस शातिर चोर का अंदाज बिल्कुल अलग था। बाहर की तपती गर्मी से बचने के लिए उसने भागने के बजाय ऑफिस का एयर कंडीशनर (AC) चालू कर दिया और कुर्सी पर बैठकर आराम करने लगा। ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि यह चोर रात 10:26 बजे घुसा था और तड़के 4:53 बजे तक ऑफिस के अंदर ही मौजूद रहा। करीब साढ़े छह घंटे तक एसी की ठंडी हवा का लुत्फ उठाने के बाद, सूरज निकलने से पहले वह शांति से वहां से निकल गया।सुबह जब दुकान मालिक ने ऑफिस की हालत देखी और सीसीटीवी फुटेज चेक किया, तो इस अनोखे वाकये को देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने तुरंत पुलिस में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। चोर के इस बेखौफ और अजीब तरीके को देखकर पुलिस महकमा भी हैरान है। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उस शातिर चोर की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दी हैं और मामले की सरगर्मी से जांच की जा रही है।

# आईएमडी ने जारी किया भयंकर हीटवेव का अलर्ट, घर से निकलने से पहले पढ़ें अपने शहर का हाल



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने देश के कई हिस्सों में जानलेवा गर्मी और लू को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। आने वाले कुछ दिन कई राज्यों के लिए भारी पड़ने वाले हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में 23 अप्रैल तक भीषण हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश में 20 और 21 अप्रैल को लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर सकते हैं। झारखंड में 22 अप्रैल तक और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 अप्रैल तक हीटवेव का अलर्ट है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और ओडिशा में भी हीटवेव की प्रबल संभावना बनी हुई है। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि यहां पारा 43 डिग्री सेल्सियस को छू गया है। चिलचिलाती धूप और लू ने आम जनजीवन पूरी तरह से बेहाल कर दिया है। शहर के प्रमुख चौराहों पर लाल बत्ती होने के कारण लोगों को कड़ी धूप में लंबा इंतजार करना पड़ रहा था, जिससे झुलसने का खतरा और परेशानी दोनों बढ़ गए थे। जनता की इस भारी समस्या को देखते हुए स्थानीय नागरिकों ने जिला यातायात शाखा के पुलिस निरीक्षक से गुहार लगाई। नागरिकों की इस जायज मांग पर तुरंत संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने एक बेहद राहत भरा फैसला लिया है। अब दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक शहर के ट्रैफिक सिग्नल बंद रखे जाएंगे, ताकि दोपहिया वाहन चालकों और आम लोगों को तपती धूप में न रुकना पड़े। शाम 4 बजे के बाद सिग्नल व्यवस्था फिर से चालू कर दी जाएगी। यातायात पुलिस के इस मानवीय कदम की शहरवासी खूब सराहना कर रहे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में उबलेगा पारा, कमजोर लोगों के लिए बढ़ा स्वास्थ्य जोखिम

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में भी गर्मी से फिलहाल कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, 20 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 39 C से 41 C के बीच और न्यूनतम तापमान 20 C से 22 C के आसपास रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में यह पारा और चढ़कर 40 C से 42 C के बीच बना रह सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि फिलहाल दिल्ली में तकनीकी तौर पर लू चलने की संभावना नहीं है, लेकिन सामान्य से अधिक तापमान होने के चलते स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम लगातार बने हुए हैं। चिलचिलाती धूप का यह असर खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से जूझ रहे लोगों पर ज्यादा पड़ सकता है, इसलिए सतर्क रहने की आवश्यकता है।



*पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, बीरभूम जिले के नानूर में नानूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार खोकन दास के समर्थन में आयोजित रोड शो के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जनता का अभिवादन करते हुए ।*

## चुनाव आयोग ने ममता की भबानीपुर समेत 55 सीटों को घोषित किया संवेदनशील, जानें क्यों किया ऐसा

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में धनबल के भारी इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए चुनाव आयोग ने सख्त एक्शन लिया है। आयोग ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हाई-प्रोफाइल भबानीपुर सीट समेत राज्य की 55 विधानसभा सीटों को खर्च के लिहाज से 'संवेदनशील' घोषित कर दिया है। चुनाव आयोग को डर है कि इन सीटों पर उम्मीदवार चुनाव प्रचार में तय सीमा से कहीं ज्यादा पैसा पानी की तरह बहा सकते हैं। उम्मीदवारों के खर्चों पर पैनी नजर रखने और किसी भी तरह की धांधली को रोकने के लिए आयोग ने राज्य में 100 विशेष पर्यवेक्षकों की फौज उतार दी है। देश के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार है जब चुनाव आयोग ने इतनी बड़ी संख्या में पर्यवेक्षकों की तैनाती की है।

### अवैध कैश और शराब जब्ती में बंगाल दूसरे नंबर पर

चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में मतदाताओं को लुभाने के लिए अवैध कैश, शराब, मादक पदार्थ और मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्रियों का जमकर इस्तेमाल हो रहा है और इनकी पकड़ लगातार बढ़ रही है। अवैध सामग्री की जब्ती के मामले में तमिलनाडु के बाद बंगाल पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब तक सभी चुनावी राज्यों को मिलाकर कुल 1,281 करोड़ रुपये की संदिग्ध खेप पकड़ी जा चुकी है। इसमें 105 करोड़ रुपये के कीमती जवाहरात और 178 करोड़ रुपये का ऐसा सामान शामिल है, जिसे मतदाताओं के बीच फ्री में बांटा जाना था। हैरानी की बात यह है कि अकेले पश्चिम बंगाल से ही 17 अप्रैल तक 430 करोड़ रुपये का अवैध सामान जब्त किया गया है।



### बांग्लादेश से सटी सीटों पर आयोग की सबसे ज्यादा सख्ती

वोटरों को लुभाने के लिए अवैध तरीकों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए चुनाव आयोग ने सीमावर्ती इलाकों को खास रडार पर लिया है। संवेदनशील घोषित की गई सीटों में सीमांत क्षेत्र उत्तर 24 परगना, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर के इलाके शामिल हैं। इन इलाकों से भारी मात्रा में कैश समेत कई अवैध चीजें बरामद की गई हैं। इसके अलावा 8 ऐसी विधानसभा सीटें भी हैं, जो सीधे बांग्लादेश की सीमा से लगती हैं। इन संवेदनशील सीटों में बिधाननगर, राजरहाट-न्यूटाउन, बारासात, मध्यमग्राम, भाटपारा, गैघाता और उत्तर बशीरहाट शामिल हैं, जहां चुनाव आयोग की टीम चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुए है।

**कोलकाता की 7 सीटें संवेदनशील, भबानीपुर में साख की लड़ाई**

चुनाव आयोग की इस लिस्ट में राजधानी कोलकाता की 7 सीटों को भी इसी खास कैटेगरी में रखा गया है।

## पृथ्वी के छिपे हुए राज खोलेगा नासा का नया सैटेलाइट, अंतरिक्ष मौसम तक की मिलेगी सटीक जानकारी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने एक छोटे लेकिन महत्वपूर्ण सैटेलाइट को हाल ही में लॉन्च किया है, जो पृथ्वी से निकलने वाली प्राकृतिक और मानव-निर्मित रेडियो तरंगों का अध्ययन कर रहा है। यह मिशन वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के अंतरिक्ष वातावरण को बेहतर समझने और अंतरिक्ष मौसम का सटीक पूर्वानुमान लगाने में मदद करेगा।कैनवास (क्लाइमेटोलॉजी ऑफ एंथ्रोपोगेनिक एंड नेचुरल वीएएफ वेव एक्टिविटी इन स्पेस) नामक यह क्यूबसैट 7 अप्रैल 2026 को कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से मिनोटौर IV रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया था। यह अमेरिकी रक्षा विभाग के स्पेस टेस्ट प्रोग्राम एस29ए (एसटीपी-एस29ए) मिशन का हिस्सा रहा। वहीं, नासा की क्यूबसैट लॉन्च इनिशिएटिव (सीएलआई) के तहत इसकी लॉन्च व्यवस्था की गई थी। कैनवास एक 4यू क्यूबसैट है, जिसे कोलोराडो यूनिवर्सिटी, बोल्डर ने विकसित किया है। इसका मुख्य काम पृथ्वी की निचली कक्षा से बहुत कम आवृत्ति वाली (वीएलएफ) रेडियो तरंगों को मापना है। ये तरंगें बिजली गिरने और जमीन पर स्थित ट्रांसमीटर्स से उत्पन्न होती हैं। यह मापता है कि ये तरंगें पृथ्वी के आयनमंडल (वायुमंडल का ऊपरी विद्युत आवेशित हिस्सा) से गुजरकर मैग्नेटोस्फीयर तक कितनी मात्रा में पहुंचती हैं। वीएलएफ तरंगें अंतरिक्ष में फंसे हाई एनर्जी वाले इलेक्ट्रॉन्स के रास्ते को थोड़ा बदल सकती हैं। इससे कभी-कभी ये इलेक्ट्रॉन विकिरण पट्टियों से निकलकर वायुमंडल में प्रवेश कर जाते हैं। कैनवास इन तरंगों के प्रभाव को समझकर स्पेस वेदर के मॉडलों को मजबूत बनाएगा। इससे स्पेसक्राफ्ट, सैटेलाइट्स और पृथ्वी पर बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में सुधार होगा। मिशन के दौरान कैनवास दो मुख्य उपकरणों का उपयोग करेगा एक त्रि-अक्षीय सर्च कॉइल मैग्नेटोमीटर और एक द्वि-अक्षीय एसी विद्युत क्षेत्र सेंसर।

## आरएसएस प्रमुख ने लोगों से संस्कृत सीखने का आग्रह किया, कहा- यह राष्ट्र की आत्मा है

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संस्कृत सीखने के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारत की आत्मा और देश की सभ्यतागत निरंतरता का एक अनिवार्य तत्व बताया। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली में संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में संस्कृत को आधुनिक संचार माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, संस्कृत एक भाषा है। फिर भी, यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में, संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा, भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है, वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है।

## तालाब में डूबीं मां और दो मासूम बेटियां, इधर अस्पताल में पोस्टमार्टम के नाम पर हुई 5000 की वसूली; डीसी ने लिया ये बड़ा एक्शन

चतरा ,(आरएनएस)। झारखंड के चतरा जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जो सरकारी सिस्टम और उसमें बैठे लोगों की संवेदनहीनता की पोल खोलती है। एक तरफ पूरा परिवार तीन मौतों के गहरे सदमे में डूब कर चीख-पुकार कर रहा था, वहीं दूसरी तरफ अस्पताल के कर्मचारी लाशों पर भी अपनी जेबें भरने में लगे हुए थे। इस अमानवीय कृत्य की भनक लगते ही जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है।

### लाशों का सौदा, इंसानियत की पार हुई सारी हदें

यह पूरा मामला सदर थाना क्षेत्र के भोज्या गांव का है। यहां एक तालाब में डूबने से एक मां और उसकी दो छोटी बच्चियों की जान चली गई। इस हादसे के बाद जब शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया, तो वहां मौजूद एक सफाईकर्मी (स्वीपर) ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। उसने पीड़ित और बेसुध परिवार से इस जरूरी कागजी और मेडिकल



प्रक्रिया के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत ऐंठ ली।

हैरानी की बात यह है कि घूसखोर कर्मचारी ने यह रकम पूरी चालाकी से वसूली। जानकारी के मुताबिक, उसने रोते-बिलखते परिजनों से ढाई हजार रुपये नकद लिए और बाकी के ढाई हजार रुपये डिजिटल पेमेंट (ऑनलाइन) के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। जब यह शर्मनाक मामला जिले के आला अधिकारियों तक पहुंचा, तो महकमे में खलबली मच गई। खुद सिविल सर्जन सत्येंद्र सिंहा ने शुरुआती जांच के बाद यह कबूल किया है कि अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए इस तरह की अवैध वसूली की गई है।

मुर्दों से घूसखोरी की इस खबर ने चतरा के नव-नियुक्त उपायुक्त (डीसी) रवि आनंद को भी हैरत में डाल दिया। उन्होंने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए सदर एसडीओ जहुर आलम की अगुवाई में एक चार सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच दल बना दिया है। इस टीम में सिविल सर्जन के साथ-साथ अस्पताल के उपाधीक्षक और मैनेजर को भी रखा गया है। डीसी ने सख्त लहजे में निर्देश दिया है कि इस पूरे कांड की हर एंगल से पड़ताल कर मात्र 24 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट उनके सामने पेश की जाए।

नौकरी से हाथ धोएगा आरोपी, रडार पर अन्य कर्मचारी भी उपायुक्त ने साफ कर दिया है कि दुख की इस घड़ी में किसी परिवार को इस तरह लूटना एक जघन्य अपराध है और इसके लिए कोई माफी नहीं मिलेगी। जांच रिपोर्ट आते ही आरोपी स्वीपर को तुरंत प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया जाएगा और उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## बंदूक की नोक पर बच्चों को ले गया पिता फिर भी कस्टडी अवैध नहीं, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

इलाहाबाद ,(आरएनएस)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बच्चों की कस्टडी के एक संवेदनशील मामले में ऐसा फैसला सुनाया है, जिसने कानूनी जानकारों से लेकर आम लोगों तक को सोचने पर मजबूर कर दिया है। अदालत ने एक मां की ओर से दायर कस्टडी याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि पिता ही नाबालिग बच्चे का प्राकृतिक संरक्षक (नेचुरल गार्जियन) होता है। कोर्ट का कहना है कि जब तक किसी अदालती आदेश का सीधा उल्लंघन करके बच्चे को उसकी मां से जबरन अलग न किया जाए, तब तक पिता के पास बच्चों के रहने को अवैध कस्टडी की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

बंदूक के दम पर ले जाने के आरोप पर भी कोर्ट का रुख साफ

इस पूरे मामले में याचिकाकर्ता महिला अंजलि देवी ने अपने पूर्व पति पर बेहद गंभीर आरोप लगाए थे। महिला का दावा था कि साल 2022 में उसका पूर्व पति बंदूक की नोक पर उसके दो नाबालिग बच्चों को जबरन अपने साथ ले गया था और तब से उन्हें अवैध रूप से बंधक बनाकर अपने पास रखा हुआ है। महिला की दलील थी कि उसने बच्चों को वापस पाने के लिए कई जगह गुहार लगाई, लेकिन कोई असरदार कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन हाई कोर्ट ने इस फैसले से यह साफ कर दिया कि अगर पति-पत्नी के बीच अनबन है और अदालत का कोई आदेश मौजूद नहीं है, तो पिता का बच्चों को अपने साथ रखना गैरकानूनी नहीं ठहराया जा सकता, फिर चाहे बच्चों को जबरन ले जाने के आरोप ही क्यों न हों।

# खौफनाक : बगल के कमरे में सोती रही पत्नी, इधर सनकी पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों का रेत दिया गला

कानपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक पिता ही अपनी मासूम बच्चियों का काल बन गया। यहां एक दवा कारोबारी ने अपनी 11 साल की जुड़वा बेटियों की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि जब इस खौफनाक हत्याकांड को अंजाम दिया जा रहा था, तब पत्नी और बेटा बगल के कमरे में ही सो रहे थे और उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी। पत्नी को इस अनहोनी का पता तब चला जब खुद पुलिस ने घर पहुंचकर उसे नींद से जगाया। करीब 13 साल पहले लव मैरिज करने वाले इस हंसते-खेलते परिवार में आखिर ऐसा क्या हुआ कि पिता ने अपनी ही बेटियों को मौत के घाट उतार दिया, यह जानकर त्रिमूर्ति अपार्टमेंट ही नहीं बल्कि हर कोई सन्न है। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र के किदवई नगर इलाके के त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-2 की है। आरोपी शशि



रंजन मिश्रा अपनी पत्नी रेशमा छेत्री, बेटे और जुड़वा बेटियों (रिद्धी और सिद्धि) के साथ यहां पिछले आठ साल से किराए पर रह रहा था। दोनों बच्चियां कक्षा 5 की छात्राएं थीं। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच पिता ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया और फिर सुबह करीब 4:30 बजे खुद ही यूपी-112 पर फोन कर पुलिस को अपनी करतूत की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दूसरे कमरे में सो रही पत्नी को जगाया। पुलिस ने मौके से हत्या में इस्तेमाल किया गया एक स्टील का धारदार चापड़ भी बरामद कर लिया है।


### लव मैरिज का खौफनाक अंत, घरेलू कलह में हत्या की आशंका

घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी रेशमा के पैरों तले जमीन खिसक गई। बदहवास हालत में उसे कुछ नहीं सूझा तो उसने अपनी नौकरानी अमरावती को फोन कर तुरंत घर बुला लिया। आरोपी पिता ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र चौधरी ने बताया कि पिता ने ही अपनी बेटियों की हत्या की है। शुरुआती जांच में इस भयानक कदम के पीछे घरेलू कलह की बात सामने आ रही है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने मौके से सभी साक्ष्य जुटा लिए हैं और दोनों मासूमों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस इस खूनी खेल की असल वजह तलाशने की गहन जांच में जुट गई है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग नई दिल्ली में एक संयुक्त प्रेस वार्ता में शामिल हुए।**


# साड़ी, बिंदी और खुले बाल सामंथा रुथ प्रभु का देसी लुक छाया, सादगी ने जीता दिल



साउथ की पापुलर एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु बला की खूबसूरत है. हाल ही में उन्होंने ट्रेडिशनल लुक में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल चुरा लिया. उनका ये अंदाज देखने लायक है. आइए देखते हैं तस्वीरें.

सामंथा रूथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर आपकी कई फोटोज शेयर की हैं. जिसमें वो ट्रेडिशनल लुक में नजर आई.एक्ट्रेस ने पीच कलर की साड़ी पहनी है, साथ ही सिंपल ब्लाउज कैरी किया है. साड़ी में वो काफी ब्यूटीफुल लग रही हैं.उन्होंने अपने इस ट्रेडिशनल लुक को बिंदी और गोल्डन एक्सेसरीज कैरी करके कंप्लीट किया है.एक्ट्रेस सटल मेकअप और खुले बालों में बेहद ही हसीन लग रही हैं. उनकी ये सादगी फैंस को भा गई.उन्होंने जमकर अलग-अलग अंदाज में कई पोज दिए हैं. हर एक तस्वीर में उनका खूबसूरती साफ झलक रही है.सामंथा की ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती पर फिदा हो गए है. यूजर्स अलग-अलग तरह के कमेंट्स कर उनपर प्यार लुटा रहे हैं.

## महावतार नरसिम्हा के बाद पर्दे पर गूजेंगी महावतार परशुराम की गाथा, हो गया ऐलान




सिने प्रेमियों को 'केजीएफ', 'सालार' और 'कांतारा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले होम्बले फिल्म्स ने आज परशुराम जयंती के अवसर पर फैंस को तोहफा दिया है। महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की दूसरी किस्त के रूप में फिल्म महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर साझा किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म महावतार नरसिम्हा काफी पसंद की गई थी।

होम्बले फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए महावतार परशुराम का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है। इससे साफ है कि यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर बनेगी। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, जब धर्म का पतन होता है, तब परशु (फरसा) उठता है। महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली पेशकश पेश है। इसके अलावा मेकर्स ने टीजर भी पेश किया है। फिल्म महावतार परशुराम का पहला पोस्टर जारी। आगे लिखा है, कोई शासक नहीं, बल्कि अधर्म के विरुद्ध एक शक्ति; जो युगों-युगों तक संतुलन स्थापित करती है। आपको परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। मेकर्स की तरफ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म दिसंबर 2027 में यानी अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, तारीख को लेकर अभी डिटेल नहीं साझा की गई है। मेकर्स ने फिल्म की जो पहली झलक साझा की है, वह काफी रोमांचक है।

# पुष्पा 2 को पछाड़ दुनिया की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बनी धुरंधर 2, अब नजर बाहुबली 2 पर




रणवीर सिंह अभिनीत और आदित्य धर की निर्देशित फिल्म धुरंधर : द रिवेंज को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक महीना हो गया है. 31वें दिन फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर एक और मील का पत्थर पार किया है. इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने पुष्पा 2: द रूल के लाइफटाइम वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है और यह अब तक की दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनकर उभरी है.

रणवीर और आदित्य की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बनने के बाद, धुरंधर 2 ने हर किसी को अपनी राय देने पर मजबूर कर दिया है. बात यहीं खत्म नहीं होती. धुरंधर 2 ने पुष्पा 2, केजीएफ 2, जवान, पठान, आरआरआर जैसी बड़ी फिल्मों को कड़ी टक्कर दी है. बॉक्स ऑफिस पर एक महीने तक बिना किसी रुकावट के चलने के बाद, धुरंधर 2, जो अब अपने 5वें हफ्ते में है, अभी भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मज़बूत बनाए हुए है और अक्षय कुमार की भूत बंगला को कड़ी टक्कर दे रही है.सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 31वें दिन शाम के शो के दौरान धुरंधर 2 की ऑक्यूपेंसी 35.08त्न रही, जिसने भूत बंगला को कड़ी टक्कर दी. अक्षय कुमार की फिल्म की ऑक्यूपेंसी 38.46त्न थी.रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर 2 ने 31वें 3,913 शो के लिए 4.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. 31 दिनों के बाद धुरंधर 2 का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1329.31 करोड़ रुपये ग्रॉस और 1110.47 करोड़ रुपये नेट हो गया है.धुरंधर का यह सीक्वल पहले ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है. इसने अपने पहले भाग को पीछे छोड़ दिया है, जो पिछले दिसंबर में रिलीज हुआ था. धुरंधर ने भारत में लगभग 890 करोड़ रुपये की कमाई की थी.बॉक्स ऑफिस नए मुकाबले और धुरंधर 2 की मौजूदा गति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आने वाले समय में इसकी कमाई में गिरावट आ सकती है. इसके चौथे हफ्ते की कमाई, 54.70 करोड़ रुपये, इसके तीसरे हफ्ते की कमाई, 110.60 करोड़ रुपये, की लगभग आधी थी. वहीं, यह इसके दूसरे हफ्ते की कमाई 263.65 करोड़ रुपये से भी आधे से ज्यादा कम थी, जो कि फिल्म के शुरुआती हफ्ते की कमाई, 674.17 करोड़ रुपये, का लगभग एक-तिहाई थी.

धुरंधर: द रिवेंज ने अब तक विदेशों में 420 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है, जिससे इसका दुनिया भर का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1748.91 करोड़ रुपये हो गया है. आदित्य धर की इस फिल्म ने सुकुमार की तेलुगू गैंगस्टर थ्रिलर फिल्म पुष्पा 2: द रूल (1742 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का खिताब अपने नाम कर लिया है. अब यह सिर्फ एस.एस. राजामौली की फिल्म बाहुबली 2: द कंक्लूजन (1788 करोड़ रुपये) और नितेश तिवारी फैमिली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म दंगल (2090 करोड़ रुपये) से पीछे है.

## अक्षय तृतीया पर रिलीज हुआ वाल्मीकि रामायण का नया पोस्टर, मशहूर संगीतकार तैयर करेंगे संगीत

भावना तलवार द्वारा निर्देशित वाल्मीकि रामायण का एक नया पोस्टर अक्षय तृतीया के अवसर पर जारी किया गया है। इस पोस्टर में प्रभु राम की धनुष के साथ अद्भुत छवि दिखाई गई है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म के संगीत को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है।अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर निर्माताओं ने वाल्मीकि रामायण का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म के संगीत को लेकर अहम जानकारी शेयर की है। निर्माताओं ने यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि इस फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार और गीतकार इलैयाराजा तैयार करेंगे। इलैयाराजा ने 10 जनवरी 2026 को अपने संगीत करियर के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर बंगलूरू में एक स्पेशल कॉन्सर्ट का आयोजन भी किया गया था। इलैयाराजा 50: ए लेजेंडरी म्यूजिकल जर्नी नाम का यह इवेंट, 10 जनवरी 2026 को माडवारा के एनआईसीई ग्राउंड्स में किया गया था।फिल्म वाल्मीकि रामायण का निर्देशन भावना तलवार ने किया है। फिल्म वाल्मीकि रामायण 02 अक्तूबर 2026 को रिलीज होगी। साबुल सिरिल के साथ सिनेमैटोग्राफर बिनोद प्रधान और साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं।




# भूत बंगला का दर्शकों पर चला जादू, दूसरे दिन की धांसू कमाई; टूट गए ये रिकॉर्ड



अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला ने रिलीज के दूसरे ही दिन बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। फिल्म ने वीकेंड का भरपूर फायदा उठाते हुए दोहरे नंबरों के साथ धांसू कमाई कर दिखाई है। इसी के साथ अक्षय ने अपनी ही पिछली फिल्मों के रिकॉर्ड को चकनाचूर करके रख दिया है। बता दें, 17 अप्रैज को रिलीज भूत बंगला को फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिली है। आइए जानते हैं फिल्म की ताजा कमाई।सैकनिल्क के मुताबिक, भूत बंगला ने पेड प्रिव्यू के जरिए 3.75 करोड़ रुपये कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर इसने पहले दिन 12.25 करोड़ रुपये कमाते हुए शानदार ओपनिंग की। वीकेंड पर आते ही दूसरे दिन, यानी शनिवार को फिल्म ने 19 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म को 11,513 शोज मिले हैं, जबकि ऑक्यूपेंसी 29 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस तरह अक्षय की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 35 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर लिया है। भूत बंगला की शानदार कमाई ने अक्षय की उन पिछली फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है जो पोस्ट कोविड युग के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं।

# खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर आया बड़ा अपडेट, रोहित शेट्टी के शो में जैस्मिन भसीन की होगी फिर से वापसी

*खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 को लेकर दर्शकों में इन दिनों काफी उत्साह देखने को मिल रहा है. एक बार फिर से ये शो टीवी पर वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है. इस नए सीजन में पहले से ज्यादा एडवेंचर और खतरनाक स्टंट्स देखने को मिलने वाला है.*



पिछले कई सालों से ये शो दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है. खतरनाक स्टंट्स और मुश्किल टास्क के लिए पॉपुलर ये शो एक्शन, डर, इमोशनल स्ट्रेंथ और तगड़े कॉम्पिटिशन का कॉम्बिनेशन है.हर सीजन में सेलिब्रिटीज अपनी सीमाओं को पार करते हुए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हैं, जिसे देखना दर्शक काफी पसंद करते हैं.

इस बार खबरें आ रही हैं कि इस सीजन में जैस्मिन भसीन भी नजर आने वाली हैं.

रिपोर्ट के अनुसार जैस्मिन को खतरों के खिलाड़ी के मेकर्स ने अप्रोच किया है. पहले भी जैस्मिन इस शो का हिस्सा रह चुकी हैं. उन्हें खतरों के खिलाड़ी सीजन 9 में देखा गया था.

इसके अलावा वो कोरोना के दौरान मुंबई में शूट किए गए शो के एक स्पेशल एडिशन में भी दिखाई दी थीं. अब जब जैस्मिन की वापसी की खबरें फिर से चर्चा में बनी हुई है तो फैंस बेहद खुश नजर आ रहे हैं. इस सीजन में पुराने और नए दोनों तरह के कंटेस्टेंट्स का कॉम्बिनेशन देखने को मिल सकता है.

शो में ये कॉम्बिनेशन एक नया डायनामिक लेकर आएगा. जहां एक्सपीरियंस और नई एनर्जी का मेल दर्शकों को और ज्यादा एंगेज करने वाला है.एक बार फिर से रोहित शेट्टी इस शो को होस्ट करते हुए नजर आएंगे. अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और एनर्जेटिक होस्टिंग के लिए जाने जाने वाले रोहित शो के पूरे एक्सपीरियंस को और भी ज्यादा खास बना देते हैं. जैसे-जैसे प्रीमियर डेट करीब आ रहा है, शो को लेकर चर्चाएं और भी तेज हो रही हैं.

# जिम में मेडिसिन बॉल स्लैम एक्सरसाइज को बनाएं रुटीन का हिस्सा, मिलेंगे ये फायदे



मेडिसिन बॉल स्लैम एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो पूरे शरीर को प्रभावित करती है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत बनाती है, बल्कि सहनशक्ति को भी बढ़ाती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए एक मेडिसिन बॉल की जरूरत होती है, जिसे ऊपर से नीचे की ओर फेंका जाता है। आइए आज हम आपको इस एक्सरसाइज से मिलने वाले कुछ प्रमुख लाभों के बारे में बताते हैं, जो आपको जल्द ही दिखने लगेंगे।

### दिल और मांसपेशियां होती हैं मजबूत

मेडिसिन बॉल स्लैम एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो दिल की धड़कन को बढ़ाती है और साथ ही मांसपेशियों को भी मजबूत बनाती है। जब आप इस एक्सरसाइज को करते हैं तो आपका शरीर एक साथ कई मांसपेशी समूहों पर काम करता है। इससे आपका दिल और मांसपेशियां, दोनों ही मजबूत होने लगती हैं। इसके अलावा इससे कैलोरी जलाने में भी मदद मिलती है, जिससे वजन नियंत्रित करना और घटाना आसान हो जाता है।

### होती है पूरे शरीर की कसरत

मेडिसिन बॉल स्लैम करते समय आपके शरीर के कई हिस्से एक साथ काम करते हैं, जिससे पूरे शरीर की कसरत हो जाती है। जब आप इस एक्सरसाइज को करते हैं तो आपके हाथ, कंधे, पीठ, पेट और पैरों की मांसपेशियां एक साथ सक्रीय होती हैं। इससे न केवल सहनशक्ति बढ़ती है, बल्कि शरीर की ताकत भी बढ़ती है। यह एक्सरसाइज आपको एक संतुलित और मजबूत शरीर प्रदान करती है, जिससे आप फिट और स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

### तनाव से मिलता है छुटकारा

मेडिसिन बॉल स्लैम एक्सरसाइज मानसिक तनाव को कम करने में मदद करती है। जब आप इस एक्सरसाइज को करते हैं तो आपका ध्यान पूरी तरह से इस पर केंद्रित होता है। इससे अन्य चिंताओं से ध्यान हट जाता है और मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त रहता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और मानसिक स्थिति बेहतर होती है। नियमित रूप से इस एक्सरसाइज को करने से आप अधिक शांत और संतुलित महसूस कर सकते हैं।

### संतुलन और तालमेल में होता है सुधार

मेडिसिन बॉल स्लैम करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है, जिससे आपके शरीर की तालमेल क्षमता बढ़ती है। इस एक्सरसाइज को करते समय आपको सही तरीके से वजन उठाना और फेंकना पड़ता है, जिससे आपकी मांसपेशियां बेहतर तरीके से काम करती हैं। इससे न केवल आपका शारीरिक संतुलन बढ़ता है, बल्कि मानसिक तालमेल भी बेहतर होता है। नियमित रूप से इसको करने से आप अधिक संतुलित महसूस करेंगे और सक्रीय रहेंगे।

### वजन नियंत्रित करने में मददगार

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो मेडिसिन बॉल स्लैम आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है। इस एक्सरसाइज को करने से कैलोरी जलती हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज शरीर के चयापचय को तेज करती है, जिससे शरीर ज्यादा कैलोरी जला पाता है। इस प्रकार मेडिसिन बॉल स्लैम कई लाभ प्रदान करती है, जो आपको फिट रखने के साथ-साथ शक्तिशाली भी बना सकते हैं।

# महिलाओं में पीसीओएस के हो सकते हैं ये 5 संकेत, न करें नजरअंदाज



पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) एक ऐसी स्थिति है, जिससे किसी भी उम्र की महिलाओं को प्रभावित किया जा सकता है। यह समस्या हार्मोनल असंतुलन के कारण होती है और इससे शरीर में पुरुष हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इसके परिणामस्वरूप अंडाशय में कई छोटे-छोटे सिस्ट बनने लगते हैं। आइए आज हम आपको पीसीओएस के कुछ शारीरिक संकेतों के बारे में बताते हैं, जो महिलाओं को नजरअंदाज नहीं करने चाहिए।

### अनियमित या बंद पीरियड्स आना

पीसीओएस का सबसे आम शारीरिक संकेत है मासिक धर्म का अनियमित या अचानक बंद होना। इस समस्या से पीड़ित महिलाओं में मासिक धर्म का अंतराल 2 से 3 महीने तक हो सकता है, जबकि सामान्य महिलाओं में हर महीने मासिक धर्म होता है। कभी-कभी क्ष्टह्रस से ग्रस्त महिलाओं में 6 महीने के बाद भी मासिक धर्म नहीं आता है। यह समस्या हार्मोनल असंतुलन के बड़ा कारण होती है।

### वजन का बढ़ना

पीसीओएस से ग्रस्त महिलाओं का वजन बढ़ना भी एक आम संकेत है। इस समस्या के कारण शरीर में पुरुष हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे चर्बी का जमाव होता है। इसके परिणामस्वरूप महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है। यह समस्या महिलाओं के लिए स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। इसे ठीक करने के लिए संतुलित डाइट करें, रोज़ाना 30-40 मिनट एक्सरसाइज करें, पर्याप्त नींद और स्ट्रेस कंट्रोल करें।

### मुंहासे होना

पीसीओएस का एक और शारीरिक संकेत है मुंहासे होना। इससे प्रभावित महिलाओं के चेहरे, ठुड्डी और गालों पर बड़े और दर्दनाक मुंहासे हो सकते हैं। इसके अलावा, सीने, पीठ और कंधों पर भी मुंहासे हो सकते हैं। यह समस्या शरीर में हार्मोनल असंतुलन के कारण होती है। इसे ठीक करने के लिए ऑयल-फ्री स्किनकेयर अपनाएं ज्यादा शुगर और जंक फूड से बचें नियमित एक्सरसाइज करें जरूरत पड़े तो डॉक्टर से दवा लें

### अनिद्रा की समस्या होना

पीसीओएस एक ऐसी समस्या है, जो महिलाओं की नींद को प्रभावित कर सकती है। इससे ग्रस्त महिलाओं को सोने में दिक्कत हो सकती है और वे सोते समय बार-बार जाग सकती हैं। यह समस्या शरीर में हार्मोनल असंतुलन के कारण होती है, जिससे नींद पर भी प्रभाव पड़ता है। इस ठीक करने के लिए आप संतुलित डाइट करें, रोज़ाना 30-40 मिनट एक्सरसाइज करें, पर्याप्त नींद लें और स्ट्रेस कंट्रोल करें।

### अनचाही गर्भावस्था होना

पीसीओएस से ग्रस्त महिलाओं में अनचाही गर्भावस्था होने की संभावना ज्यादा होती है। इस समस्या में गर्भावस्था के दौरान गर्भपात होने की संभावना भी अधिक होती है। इसके अलावा, गर्भावस्था के दौरान जच्चा और शिशु की मौत होने का खतरा भी ज्यादा होता है। समय से पहले प्रसव होने का खतरा भी अधिक होता है, जो महिलाओं के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

## रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद भीषण आग लगी, एक की मौत

कीव,(आरएनएस)। यूक्रेन ने रविवार की बीती रात दक्षिणी रूस के क्रास्नोडार में स्थित तुआपसे तेल रिफाइनरी पर घातक ड्रोन हमला किया, जिसके बाद क्षेत्र में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने सोमवार को बताया कि बड़े पैमाने पर हुए हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल है। काला सागर बंदरगाह तुआपसे पर 16 अप्रैल को इसी तरह के हमले के बाद आग लग गई थी।सूत्रों ने बताया कि ड्रोन हमले के बाद तुआपसे के बंदरगाह पर आग लग गई और ड्रोन के मलबे से एक प्राथमिक स्कूल, एक छोटे बच्चों के स्कूल, संग्रहालय, चर्च और रिहायशी इमारतों की खिड़कियां टूटने के साथ-साथ गैस पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय निवासियों ने भी बंदरगाह क्षेत्र में विस्फोटों की सूचना दी और उस इलाके से बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। रिफाइनरी में कम से कम दो भंडारण टैंक जल रहे हैं। तुआपसे तेल उत्पादों का निर्यात केंद्र है जो कोयला और उर्वरक जैसे शुष्क थोक माल का भी संचालन करता है। यह रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली प्रमुख तेल रिफाइनरी इकाई है। यह रूस की 10 सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक है। यह रिफाइनरी प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ टन कच्चे तेल को परिष्कृत करने में सक्षम है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने रात भर में 112 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए हैं।

## क्या यूएई में अब बंद होंगे अमेरिकी सैन्य अड्डे? ईरानी हमलों के बाद छिड़ी बहस

अबू धाबी, (आरएनएस)। ईरानी हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बहस छिड़ गई है कि क्या अमेरिकी सैन्य अड्डे खाड़ी देशों के लिए जरूरी हैं। दरअसल, खाड़ी देशों के नीति विशेषज्ञ और विश्लेषक इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें सवाल उठाया जा रहा है कि क्या विदेशी सैन्य अड्डों की मेजबानी से देश के दीर्घकालिक हित पूरे हो रहे हैं? यह चिंता तब और बढ़ गई, जब अमेरिकी-इजरायली हमलों की खीज ईरान लगातार खाड़ी देशों पर उतार रहा था।

यूएई के प्रख्यात टिप्पणीकार और राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर अब्दुलखलेक अब्दुल्ला ने दृढ़तापूर्वक तर्क दिया है कि यूएई में अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान अब लाभकारी नहीं रह गए हैं, नीति पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उन्होंने एक्स पर कहा, ये ठिकाने अब रणनीतिक संपत्ति नहीं रह गए हैं, बल्कि बोझ बन गए हैं। उन्होंने लिखा कि अब देश को सुरक्षा के लिए उस तरह से अमेरिका की आवश्यकता नहीं है जैसी पहले हुआ करती थी।अब्दुल्ला ने एक्स पर बताया कि खाड़ी देशों पर हुए ईरानी हमले के समय यूएई ने यह साबित कर दिया कि वह अपनी रक्षा खुद और वह भी बहुत ही शानदार तरीके से करने में सक्षम है। उन्होंने लिखा कि यूएई को अगर किसी चीज की जरूरत है, तो वह है अमेरिका के पास मौजूद सबसे बेहतरीन और आधुनिक हथियार, उनको अब यूएई को हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य अड्डे अब एक बोझ बन गए हैं।


यूएई समेत खाड़ी देशों में यह बहस तब शुरू हुई, जब अमेरिका-इजरायल ईरान पर गोले बरसा रहे थे और ईरान उनका जवाब यूएई, बहरीन, इराक और कुवैत सहित कई खाड़ी देशों में हमला करके दे रहा था। ईरान ने तब कहा था कि वह खाड़ी देशों के बुनियादी ढांचों पर नहीं बल्कि अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को निशाना बना रहा है। हालांकि, ईरान ने ऊर्जा संसाधनों पर भी हमला किया था। खाड़ी देशों ने कई ईरानी मिसाइलें-ड्रोन सफलतापूर्वक रोके थे।

# जापान में 7.4 तीव्रता के भूकंप से कांपी धरती, सुनामी के अलर्ट के बीच अपनी जान बचाने तटों की ओर भागे जहाज

टोक्यो ,(आरएनएस)। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण हमेशा प्राकृतिक आपदाओं के साये में रहने वाला जापान एक बार फिर शक्तिशाली भूकंप के झटकों से दहल उठा है। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है, जिसके बाद पूरे देश में प्रशासन ने हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र सैनरिकु तट से लगभग 100 किलोमीटर दूर समुद्र के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। जापान में 7 से अधिक तीव्रता वाले भूकंपों को हमेशा बेहद विनाशकारी और गंभीर माना जाता है, इसीलिए तटीय इलाकों को तुरंत खाली कराया जा रहा है।

### समुद्र में उठीं लहरें, वायरल हुआ जहाजों का वीडियो

खतरे को देखते हुए जापान मौसम विज्ञान विभाग ने होक्काइडो और इवाते क्षेत्रों के लिए सुनामी की सख्त चेतावनी जारी कर दी है। जापान के सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के अनुसार, मुख्य द्वीप के उत्तरी हिस्से में स्थित आओमारी प्रांत के तट से 50 किलोमीटर दूर समुद्र में सुनामी की लहरें देखी भी गई हैं। इस भारी दहशत के बीच सोशल मीडिया पर समुद्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कई जहाजों को लहरों के खौफ से तेजी से तटों की तरफ भागते हुए देखा जा सकता है। प्रशासन



लगातार लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटा है।

### परमाणु संयंत्रों की बढ़ाई गई सुरक्षा, पीएम ने की खास अपील

इस विनाशकारी झटके के तुरंत बाद देश के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। संभावित खतरे को टालने के लिए ओनागावा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और वहां मौजूद वैज्ञानिक किसी भी तरह की तकनीकी गड़बड़ी या असामान्यता की बारीकी से जांच कर रहे हैं। इस संकट की घड़ी में जापान की प्रधानमंत्री सना तकाएची ने देशवासियों को संबोधित करते हुए उनसे शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने प्रभावित इलाकों के नागरिकों को तुरंत अपनी जगह छोड़कर ऊंचाई वाले सुरक्षित स्थानों पर जाने का स्पष्ट निर्देश दिया है।

### आखिर जापान में क्यों आती है इतनी तबाही

झभूकंप के लिहाज से जापान दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में से एक है। इस साल अब तक यहां 6 से अधिक तीव्रता के तीन बड़े झटके महसूस किए जा चुके हैं, जबकि साल 2025 में 1500 से ज्यादा बार धरती कांपी थी। इसके पीछे का मुख्य वैज्ञानिक कारण यह है कि जापान प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' (Ring of Fire) क्षेत्र में स्थित है। यह पूरा देश चार प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर बसा हुआ है। जमीन के नीचे इन विशालकाय प्लेटों में लगातार होने वाले घर्षण और टकराव के कारण ही जापान को हर साल औसतन 1500 छोटे-बड़े भूकंपों का सामना करना पड़ता है।

## अमेरिका में शख्स ने की 8 बच्चों की हत्या, पत्नी को भी गोली मारी; हालत गंभीर



लुइसियाना (आरएनएस)। अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। CNN के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है।


पुलिस ने मृतकों की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडॉन प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलॉन स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया।श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आरोपी ने सबसे पहले अपनी पत्नी को गोली मारी। इसके बाद वह दूसरे घर गया, जहां उसने आठ बच्चों और एक अन्य महिला को गोली मारी। दूसरी महिला, जो मारे गए आठवें बच्चे की मां थी, उसकी हालत भी बेहद गंभीर बताई जा रही है।

## पाकिस्तान की मध्यस्थता पर सवाल, अमेरिकी विशेषज्ञ ने ट्रंप को दी चेतावनी

वाशिंगटन, (ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर नई बहस छिड़ गई है। अमेरिकी थिंक टैंक अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अमेरिका के लिए शर्मनाक और खतरनाक करार दिया है।

दरअसल एक लेख में रुबिन ने पाकिस्तान के पुराने रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए सवाल उठाए हैं और कहा, कि उसकी भूमिका अक्सर विवादों से जुड़ी रही है। उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने ईरान के परमाणु कार्यक्रम में मदद की थी। ऐसे में उसी देश को मध्यस्थता की जिम्मेदारी देना एक गंभीर रणनीतिक गलती हो सकती है। रुबिन ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में यहूदी-विरोध और अमेरिका-विरोधी भावनाएं व्यापक हैं, जिससे उस पर भरोसा करना और भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने ओसामा बिन लादेन के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जब अमेरिकी सेना ने उसे मार गिराया था, तब पाकिस्तान की प्रतिक्रिया भी सवालों के घेरे में रही थी।

## पाकिस्तान में 3 दिवसीय हिंगलाज माता उत्सव संपन्न, 3 लाख हिंदू मंदिर पहुंचे



इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान में 3 दिवसीय हिंगलाज माता उत्सव संपन्न हुआ है। खबर है कि इस उत्सव के दौरान करीब 3 लाख हिंदू मंदिर पहुंचे थे। कहा जा रहा है कि यह आंकड़ा बीते साल हुए उत्सव से करीब तीन गुना ज्यादा था। इस दौरान आयोजन स्थल पर भंडारा, चिकित्सा सुविधा की भी व्यवस्था थी। उत्सव के दौरान तीर्थयात्री सैकड़ों किमी की यात्रा कर मंदिर पहुंचते हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर में इस महीने करीब 3 लाख हिंदू श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि, पूरे साल में आंकड़ा करीब 10 लाख है। मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं ने थारपरकर, उमरकोट और संहार सहित सिंध के कई इलाकों से लंबी यात्रा की थी। कहा जाता है कि इस यात्रा को पूरी करने में 20 दिनों का समय लगाता है।पाकिस्तान में इस हिंदु तीर्थस्थल को नानी का मंदिर भी कहा जाता है। यह 51 शक्ति पीठों में से एक हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यहां सती का सिर गिरा था। लयारी तहसील के पहाड़ी इलाके में स्थित मंदिर हिंगोल नदीं के पास एक गुफा में बना हुआ है।

# खेल समाचार

## घरेलू मैदान पर आज दिल्ली कैपिल्स से खेलेगी सनराइजर्स हैदराबाद

हैदराबाद (ए.)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला करेगी। इस मैच में सनराइजर्स का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसका अब तक का प्रदर्शन दिल्ली से बेहतर रहा है। अंक तालिका में दोनो ही टीमों के 6-6 अंक हैं पर बेहतर रन औसत के कारण सनराइज चौथे जबकि दिल्ली पांचवे स्थान पर है। ईशान किशन की कप्तानी में अबतक सनराइजर्स का प्रदर्शन बेहतर होता गया है। उसकी गेंदबाजी भी युवाओं को शामिल करने के बाद से ही मजबूत हुई हैं। उसके युवा गेंदबाजों प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन ने अच्छी गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर दबाव बनाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद से ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। हिंगे के अलावा युवा गेंदबाज ईशान मलिंगा ने भी काफी अच्छी गेंदबाजी की है। जहां तक बल्लेबाजी की बात है उसके पास ईशान के अलावा हेनरिक क्लासेन , ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। उसका कमजोर पक्ष मध्यक्रम के बल्लेबाजों की विफलता है। जिस पर ही दिल्ली कैपिल्स हमला करने का प्रयास करेगी। अक्षर




पटेल की कप्तानी में उतर रही।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। अब तक केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने ही रन बनाए हैं पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। युवा समीर रिजवी पिछले तीन मैच से रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी है। दिल्ली की गेंदबाजी हालांकि अच्छी है। उसके पास तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी अच्छी गेंदबाजी की है इसके अलवा युवा गेंदबाजों मुकेश कुमार व टी नटराजन का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

अब तक दोनो टीमों के बीच हुए 26 मुकाबलों में से सनराइजर्स ने 13 जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैच जीते हैं। ऐसे में इस बार भी इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीदें हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

सनराइजर्स हैदराबाद : ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

## आईपीएल के सबसे महंगे ओवर, जब दो गेंदबाजों के एक ओवर में पड़े 37-37 रन

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां सीजन जारी है. जिसमें 10 बेस्ट टीमें एक ट्रॉफी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं. इस टूर्नामेंट में बैट और बॉल के बीच कड़ा संघर्ष भी देखने को मिलता है. जहां दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाज वर्ल्ड के बेहतरीन गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश करते हैं. क्रिकेट के इस छोटे फॉर्मेट में बल्लेबाज पहले ही ओवर से छक्का चौका मारकर अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करता है तो वहीं गेंदबाज पहले ही ओवर में विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में डालने का प्रयास करता है।

लेकिन इस स्टोरी में हम आपको उन गेंदबाजों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने आईपीएल में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन लुटाए है, जिसकी वजह से वो आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज बन गए. एक ओवर में अगर लगातार 6 छक्के भी लग जाए तो ज्यादा से ज्यादा 36 रन ही बनते हैं. लेकिन आईपीएल के इतिहास का सबसे महंगा ओवर 37 रनों का है, जो 6 छक्के लगने से भी 1 रन ज्यादा है. हैरत की बात ये है कि ऐसा एक बार नहीं बल्कि दो बार हुआ है. तो आइए जानते हैं कि टूर्नामेंट का सबसे महंगा ओवर किस गेंदबाज के नाम है।

आईपीएल 2011 में कोच्चि टस्कर्स के लिए खेलते हुए प्रशांत परमेश्वरन ने आरसीबी के खिलाफ 37 रन खर्च किए थे. जो आईपीएल के इतिहास का अब तक का सबसे महंगा ओवर बन गया. उस ओवर में क्रिस गेल ने बल्ले से 4 छक्के और 3 चौके जड़कर 36 रन बटोरे थे, जबकि एक रन नो बॉल की वजह से मिला था।

हर्षल पटेल ने आईपीएल 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक ओवर में 37 रन खर्च किए थे. जब रवींद्र जडेजा ने उस ओवर में 5 छक्के और 1 चौका जड़ा था. साथ में एक नो-बॉल का भी रन मिला था।

## श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा के वीडियो से हुआ विवाद

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा अय्यर के सोशल मीडिया पर साझा किये एक वीडियो से विवाद पैदा हो गया है। दरअसल, श्रेष्ठा अय्यर ने अपने नए



वीडियो में अपनी एक नई बिल्ली का परिचय कराया और उसका नाम जीजी बताया। वहीं क्रिकेट प्रशंसकों के बीच जीजी नाम नाम का प्रयोग आमतौर पर कोच गौतम गंभीर के उपनाम के तौर पर किया जाता है, जो इस विवाद का कारण बन गया है। वीडियो में श्रेष्ठा अपनी बिल्ली को संबोधित करते हुए कुछ ऐसे वाक्य कहती हैं, जिन्हें प्रशंसक गंभीर पर सीधा और जानबूझकर किया गया निशाना मान रहे हैं। वह कहती हैं, हेलो दोस्तों, मिलिए मेरे नए बेबी 'जीजी' अभी छोटा बच्चा है, इसलिए उसे अभी कुछ चीजें सीखने की जरूरत है। उसे यह सीखना होगा कि 'चिकन' शब्द पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाती है। यहां तक कि जब आप सो रहे हों, तब भी आपको 'चिकन' शब्द का जवाब देना होगा। सोशल मीडिया पर यूजर्स श्रेष्ठा के इन वाक्यों का गहरा विश्लेषण कर रहे हैं। वहीं कई लोग भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी समझ पर एक कटाक्ष मान रहे हैं। अंग्रेजी में चिकन शब्द का प्रयोग अक्सर डरपोक या कायर व्यक्ति के लिए किया जाता है। प्रशंसकों का मानना है कि श्रेष्ठा इसके माध्यम से गौतम गंभीर के कुछ फैसलों या उनकी शख्सियत को डरपोक या कायरतापूर्ण बताने की कोशिश कर रही हैं।

## शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को बाहर करे मुम्बई इंडियंस : श्रीकांत



चेन्नई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन कर रहे मुम्बई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को आड़े हाथों लिया है। श्रीकांत ने कहा है कि इन दोनो को ही घर वापस भेज देना चाहिये क्योंकि ये दोनो ही अंतिम ग्यारह में रखे जाने के योग्य नहीं दिखते। श्रीकांत ने मुंबई इंडियंस के प्रबंधन से कहा है कि इन दोनो को आगे के मैचों में शामिल न करे। श्रीकांत ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुंबई इंडियंस कैसे दीपक चाहर को अंतिम ग्यारह में शामिल किये हुए है। पहले ही ओवर में चाहर ने 21 रन दिए और फिर 22 रन दिए थे। 2.3 ओवर में 45 रन। वहीं शार्दुल ने 3 ओवर में 42 रन दिए। उन्होंने एक साथ 5.3 ओवर किए और 87 रन खर्च किए। उन्होंने साथ ही कहा, इस प्रकार के गेंदबाजों के साथ किस प्रकार से जीता जा सकता है। श्रीकांत इन दोनो से इतने नाराज दिखे की उन्होंने कहा कि इन्हें पैसे देकर आराम से घर बैठने को कहो। जब जरुरत होगी इन्हें बुला लिया जाएगा।। वहीं टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है पर टीम के कोच महेला जयवर्धने ने उनका बचाव किया है।

### धोनी की वापसी को लेकर मुझे जानकारी नहीं : कोच हसी

चेन्नई (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 19 वें सत्र में एक भी मैच में नहीं उतरे हैं। इससे धोनी के प्रशंसक आशंकित हैं और उनको लग रह है कि कहीं धोनी संन्यास तो नहीं ले रहे क्योंकि वह 44 साल के हो रहे हैं और लीग शुरु हुए महीना पूरा होने जा रहा है। इसी को लेकर जब टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी से पूछा गया तो उनका भी कहना है कि धोनी की वापसी को लेकर उन्हें जानकारी नहीं है। धोनी आईपीएल की शुरुआत से पहले ही अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे।

### चेन्नई सुपर किंग्स को लगा बड़ा झटका, खलील अहमद के बाद युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हुवे चोटिल, आगे खेलना मुश्किल

नईदिल्ली, (ए)। तेज गेंदबाज खलील अहमद के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को एक और बड़ा झटका लगने वाला है. बताया जा रहा है कि युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए पिछले मैच के दौरान म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ था. इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे ने मैच में 13 गेंद पर 30 रनों की पारी खेली, लेकिन तकलीफ की वजह से से वो लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए।

सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है. अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है. हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे.' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए म्हात्रे का स्कैन किया जाएगा और उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा यह अभी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता. आमतौर पर हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबरने में छह महीने तक का समय लग सकता है।

## आखिरकार केकेआर ने चखा जीत का स्वाद, राजस्थान को 4 विकेट से दी मात

नईदिल्ली, (ए)। रिंकू सिंह (53), अनुकूल रॉय (29) की शानदार पारी और सातवें विकेट के लिए दोनों के बीच हुई 76 रनों की साझेदारी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इस सीजन पहली जीत दिला दी. 156 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया.एस समय केकेआर का स्कोर 6 विकेट पर 85 रन था. जहां से उनका जीतना काफी मुश्किल लग रहा था, क्योंकि अनुकूल रॉय आखिरी बल्लेबाज थे, जिसके साथ रिंकू सिंह ने 37 गेंद पर 76 रनों की अटूट साझेदारी करके मैच को केकेआर के पक्ष में डाल दिया. रिंकू सिंह 34 गेंद में 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे. वहीं अनुकूल 16 गेंद में 29 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होने 1 चौका और दो छक्का लगाया.राजस्थान भले ही ये मैच नहीं जीत सका, लेकिन उनके गेंदबाजों ने 156 रनों के बचाव में शानदार गेंदबाजी करके केकेआर को बैकफुट पर धकेल दिया था. आर्चर ने पहले ही ओवर में सिफर्ट को शून्य पर आउट करके शानदार शुरुआत दी थी. उसके बाद बर्गर ने दूसरे ओवर में कप्तान रहाणे को भी शून्य पर पवेलियन भेज दिया. जिसके बाद केकेआर मुश्किल में पड़ गई. उसके बाद रघुवंशी (10) और रोमन पावेल (23) को जडेजा ने पवेलियन का रास्ता दिखाय. जबकि कैमरून ग्रीन (27) को बिश्नोई ने स्टंप करका आउट किया. रमनदीप सिंह 10 रन बनाकर आउट हुए. राजस्थान की तरफ से जडेजा ने दो विकेट झटके, जबकि दूसरे चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## दोपहर में चल रही लू, तेज तपन के साथ ही पारा बना हुआ है 42 के पास



नर्मदापुरम (निप्र)। वैशाख माह आधा बीत गया है। इसी के साथ ही गर्मी अपना तीखा असर बनाए हुए है। दोपहर के समय लू के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे है। तेज तपन और लू के असर के चलते तापमान 42-43 के इर्द गिर्द बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 42.9 और न्यूनतम पारा 23.9 4 पर दर्ज हुआ। रहा। वहीं इन दिनों पचमढी में भी न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी का असर इसी प्रकार तेजी को रहेगा। गर्म हवाएं चलती रहेंगी। अभी तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना बताई जा रही है।

# विधायक कप 2026 का भव्य समापन

### फाइनल मुकाबला रहा अत्यंत रोमांचक एवं उत्साहपूर्ण एमपी पुलिस ने विजय प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदांचल फुटबॉल लीग के अंतर्गत 15 अप्रैल से एसएनजी ग्राउंड में प्रारंभ हुए विधायक कप 2026 का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान पूरे आयोजन में खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। फाइनल मुकाबले में एमपी पुलिस और महू टीम के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। शानदार प्रदर्शन करते हुए एमपी पुलिस ने विजय प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया। जबकि महू टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, जिससे दर्शक पूरे समय रोमांचित और उत्साहित बने रहे। समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आयोजन की सराहना की। इस सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों आयोजकों एवं खेल प्रेमियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय वरिष्ठ भाजपा नेता भारत सिंह राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, पं वैभव शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मैना, जिला भाजपा उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, आयोजक समिति के सदस्य सागर शिवहरे, अर्पित मालवीय, नमन दुबे, सागर पटेल, विकाश राठौर चरणजीत सिंह, कमल सिंह ठाकुर, नरेंद्र परमार, जतिन यादव, गजेंद्र सिंह चौहान, दुर्गेश मिश्रा, विशाल बाबरिया, लोकेश विश्नोई, कार्तिक शिवहरे, नीतेश तिवारी, रोहित तिवारी, अतुल बडगूजर, श्याम शर्मा, अनिल अहिरवार पंकज मेहरा महेश मेश्कर अभिषेक गुप्ता टोनी धुंध्वी विवेक वर्मा, प्रीतम चक्रवर्ती, अनिल मिश्रा, रमेश उपरिया, महेश बाबरिया, अमित माहला, एवं सभी खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत धूम धाम से आयोजित हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन





### विभिन्न तहसीलों से 190 से अधिक जोड़े बंधे विवाह बंधन में

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 199 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा श्री राम जानकी मंदिर, नंदरवाड़ा रोड पर आयोजित विवाह सम्मेलन में 24 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड से निकली भव्य सामूहिक बारात के साथ हुई, जो गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर पहुंची। इसके पश्चात गायत्री पद्धति से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया। नवविवाहित जोड़ों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था आस्था मंच की महिलाओं ने सहभागिता निभाते हुए नवविवाहित कन्याओं को विशेष उपहार भेंट किए। मंच की ओर से सभी कन्याओं को हार सेट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल एवं खुशहाल भविष्य की कामना की गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत माखननगर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह सम्मेलन में 52 जोड़े सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं पिपरिया क्षेत्र में विवाह पोर्टल पर पंजीकृत 107 जोड़ों का विवाह एवं 16 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया।

इस प्रकार पिपरिया में कुल 123 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे।

## मोबाइल ऐप के जरिए होगा डेटा संग्रहण, प्रगणकों को दी जा रही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज़ी से की जा रही हैं। इसी क्रम में विभिन्न चार्ज क्षेत्रों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चार्ज डोलरिया तहसील अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में प्रथम बैच के प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से पारस्परिक संवाद कर उन्हें जनगणना के महत्व एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं फील्ड ट्रेनरों द्वारा जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु शपथ भी ली गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वगणना पोर्टल पर स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण की गई।

## खाद बीज की दुकानों का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। शहर में सोमवार को खाद बीज की दुकानों का कृषि विभाग ने निरीक्षण कर प्रतिवेदन उप संचालक कृषि को प्रस्तुत किया है। उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम डॉक्टर रविकांत सिंह के निर्देश अनुसार सोमवार को नर्मदापुरम शहर की तोमर एग्रो एजेंसी, शंकर खाद बीज भंडार एसाक्षी एग्रो एजेंसी तथा रेवा कृषि सेवा केंद्र इत्यादि खाद बीज दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर डॉ राजीव यादव के साथ विकासखंड नर्मदापुरम से कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार उईके उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी बिल बुक गोदाम में उर्वरक की भौतिक उपलब्धता के साथ पोस मशीन तथा ई टोकन उर्वरक प्रणाली पर उपलब्ध उर्वरकों का मिलान किया गया। सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर ने बताया कि उपरोक्त सभी दुकानों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया जाएगा एवं किसी प्रकार की कमी अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। उपसंचालक कृषि डॉ रविकांत सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक उर्वरक दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है एवं अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है अभी तक जिले में 16 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किया जा चुके हैं साथ ही 28 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना पत्र संतुष्टि पूर्वक प्राप्त न होने की दशा में संबंधितों के विरुद्ध लायसेंस निलंबन अथवा लाइसेंस बर्खास्तगी की कार्यवाही की जावेगी।सभी उर्वरक बिक्रेताओ को स्पष्ट निर्देशित किया गया कि उर्वरको का बिक्रय शत प्रतिशत पोर्टल के मध्यम से ही किया जावे अन्यथा एक एक बिक्रेताओ को ट्रेस कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन आज

### कृषि उपज मंडी में पत्रकारों को बताएंगे समस्याएं

नर्मदापुरम (निप्र)। अनाज कृषि उपज मंडी में आज दोपहर 2.30 बजे क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन किसानों के सामने जो वर्तमान में बड़ी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं उस संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के जिला प्रवक्ता केशव साहू ने बताया कि गेहूं उपार्जन डीएपी खाद को लेकर स्थिति निर्मित हो रही है एवं अन्य किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में संगठन के पदाधिकारी अपनी बात रखेंगे।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर कलेक्टर का त्वरित एक्शन

नर्मदापुरम (निप्र)। ग्राम जासलपुर के किसान शिवनारायण कटारे की समस्या पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत प्रदान की है। किसान द्वारा अपने खेत का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले 7 दिनों से जला होने की शिकायत कलेक्टर के समक्ष रखी गई थी। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सिंचाई कार्य पूरी तरह बाधित हो गया था, जिससे फसल सूखने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पक्षियों के पीने के पानी के लिए लगाए सकोरे



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान चलाया गया जिसमें कॉलेज एवं थाना परिसर के आसपास टाउन इंस्पेक्टर विजय सनस की अध्यक्षता में एवं मुख्य समाजसेवी मुकेश सराठे द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे वृक्षों पर लगाएं गए विजय सनस ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए समस्त जनता से निवेदन है कि दाना पानी अभियान चलाएं मुकेश सराठे ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए नितांत आवश्यकता है इस पुण्य कार्य में सभी सहभागिता कर सकोरे लगाये बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मी मेहर ने बताया कि इस भीषण गर्मी में संस्था द्वारा विगत वर्षों से जल मंदिर प्याऊ एवं पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान निरंतर चलाया जा रहा है समस्त समाजसेवियों से निवेदन है कि इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं कार्यक्रम में परामर्शदाता मकरन सिंह कुशवाहा रितेश कुशवाहा ज्योति बाथरे सहित एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महिला विधेयक केवल एक राजनीतिक दिखावाः मीना वर्मा

नर्मदापुरम (निप्र)। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर देशभर में चर्चा जारी है, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि यह विधेयक वर्तमान स्वरूप में महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं बन पाएगा। पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के पक्षधर हैं, लेकिन यह विधेयक केवल एक राजनीतिक दिखावा प्रतीत होता है। इसमें कई महत्वपूर्ण खामियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस विधेयक के लागू होने को जनगणना और परिसीमन ;डिलिमिटेशन से जोड़ दिया गया है, जिससे इसका क्रियान्वयन अनिश्चितकाल तक टल सकता है। यह महिलाओं के साथ न्याय नहीं, बल्कि उनके अधिकारों को टालने का प्रयास है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं है जिससे समाज के कमजोर वर्ग की महिलाएं हाशिए पर ही रह जाएंगी। कांग्रेस लंबे समय से सभी वर्गों की महिलाओं के लिए न्यायसंगत प्रतिनिधित्व की मांग करती रही है। श्रीमती वर्मा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधेयक केवल भाजपा अपने चुनावी लाभ के लिए लेकर आईए जबकि वास्तविक मंशा महिलाओं को तत्काल सशक्त बनाने की नहीं दिखती।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सीएमओ ने किया सेठानी घाट से कोरी घाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरि पटले ने वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत सेठानी घाट से लेकर कोरी घाट तक विशेष सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में तैनात सभी सफाई कर्मियों को नियमित सफाई बनाए रखने एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने हरियाली रोड पर संचालित अमृत योजना के कार्यों का भी जायजा लिया। इस दौरान टूटी हुई पाइपलाइन को तत्काल सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

# गृहभेदन की घटना का पर्दाफाश, करीबन 7 लाख का मशरुका बरामद

### आरोपियों को पहुंचाय जेल, नाबालिग को बाल सुधार भेजा

नर्मदापुरम। माखन नगर(निप्र)। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन एएसपी अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार संपत्ति संबन्धित अपराधो का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त कर रही है। गत दिवस फरियादिया जैनब खान पिता अफजल खान नि0 साई माखननगर परिसर माखननगर हाल शाहिद खान का घर बिहारी गली बालागंज नर्मदापुरम ने रिपोर्ट किया कि 13 अप्रैल को फरियादिया अपने पिता के घर आई थी, फरियादिया अपने सोने के गहने एक जोड़ टॉप्स झाले हाथ के 02 कंगन तीन अंगूठी सोने का हार कीमती करीबन 07 लाख रुपए को अलमारी के ड्राज के रख दिये थे फरियादिया द्वारा अलमारी खोलकर देखी, जिसमे उक्त आभूषण नहीं थे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर मे घुसकर उक्त आभूषणो को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली नर्मदापुरम मे अपराध धारा 331;4305 भारतीय न्याय संहिता का कायम कर विवेचना मे लिया गया था उक्त गृहभेदन की घटना को पुलिस द्वारा चुनौती के रूप मे लेकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु पुलिस टीम को थाना क्षेत्र में रवाना किया गया था पुलिस द्वारा क्षेत्र मे घूमकर मुखबिर मामूर कर उक्त घटना मे लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ हेतु सूचना तंत्र मजबूत किया गया जिस पर पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुयी एक छोटा बच्चा उम्र करीबन 14.15 वर्ष का कुछ दिनो से बालागंज क्षेत्र में घूम रहा है

जिनकी तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस स्टेंड रेल्वे स्टेशन पर तलाश की गयी दौराने तलाशी के संदिग्ध बच्चे को सेठानी घाट स्थित काले महादेव मंदिर के नीचे टीन शेड से अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ करने पर बच्चे द्वारा बताया कि उक्त जेवरात उसके द्वारा उसकी माँ किरण बाई को दे दिये थे जिस पर पुलिस द्वारा बच्चे की माँ को अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गयी जिसने उक्त आभूषण उसकी साड़ी के पल्लू मे बांद कर रखना बताया जिस पर पुलिस द्वारा उक्त आभूषणो को बरामद किया गया उक्त महिला को यह ज्ञात था कि उक्त आभूषणो चोरी कर उसे दिया गया है चोरी के माल को रखने पर से किरण बाई पति पति यशवंत डोनटोडे उम्र 45 वर्ष नि0 ग्राम पांजराकला थाना देहात का होना बताया गया उक्त महिला के विरुद्ध थाना कोतवाली नर्मदापुरम द्वारा 317;2 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की गयी है आरोपियों को जेल दाखिला किया जाकर अपचारी बालक को बाल गृह बेतुल भेजा जावेगा प्रकरण की विवेचना जारी है। महत्वपूर्ण भूमिका. निरी0 कंचन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी थाना कोतवाली सउनि0 संजय रघुवंशी आर0 839 पंकेश, आर0 920 गजेंद्र, आर0 सतीश एवं म0आर0 अंजू ऊईके की रही।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com